संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 26 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 83 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## स्कंदमाता का स्वरूप मन को मोह लेने वाला है...



**नवरात्रि** के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। स्कंदमाता को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। कहा जाता है कि स्कंदमाता भक्तों की समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं। मां दुर्गा के पंचम स्वरूप देवी स्कंदमाता की उपासना से भक्त की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और जीवन में खुशियां आती हैं। संतान प्राप्ति के लिए स्कंदमाता की आराधना करना लाभकारी माना गया है। स्कंदमाता की पूजा से भक्त को मोक्ष मिलता है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनकी पूजा से भक्त अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। स्कंदमाता का स्वरूप मन को मोह लेने वाला है। इनकी चार भुजाएं हैं। दो हाथों में इन्होंने कमल लिए हैं। मां स्कंदमाता की गोद में भगवान स्कंद बाल रूप में विराजित हैं।

## 'सरकार और न्यायपालिका के बीच मतभेद का मतलब टकराव नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव की बात से इनकार किया है। शनिवार को अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद जरूरी हैं लेकिन उन्हें टकराव के रूप में पेश नहीं किया जाना चाहिए। तमिलनाडु के मदुरई में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टी राजा की मौजूदगी में कानून मंत्री ने ये बात कही। कानून मंत्री ने कहा कि 'हमारे बीच मतभेद हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे बीच टकराव है। इससे पूरी दुनिया में गलत संदेश जाता है।

## बिहार में हिंदू राष्ट्र के बैनर पर गिरफ्तारी



**टीम एक्शन इंडिया/दरभंगा**
**हिंदू** नववर्ष पर दरभंगा में हिंदू राष्ट्र लिखा बैनर लगाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई की। पुलिस ने देर शाम विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री राजीव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 4 नामजद और 100 अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जा रहा कि राजीव प्रकाश मधुकर को शांति समिति की बैठक में आमंत्रण दिया गया था। बैठक से लौटने के दौरान उनकी गिरफ्तारी की गई। मुस्लिम संगठनों ने डीएम-एसपी से पोस्टर को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद ये कार्रवाई हुई है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लहेरियासराय थाने में पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। इधर, भाजपा के नगर विधायक संजय सरावगी भी थाना पहुंचे।

## अप्रैल में 15 दिन बैंकों में नहीं होगा कामकाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नया** वित्त वर्ष 2023-24 शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। इसके पहले महीने यानी अप्रैल में बैंकों में 15 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 9 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे।

**दो दिन की छुट्टी से होगी महीने की शुरूआत**: इस महीने की शुरूआत दो दिनों की छुट्टी के साथ होगी। 1 अप्रैल को बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग और 2 अप्रैल को रविवार के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसके बलावा अप्रैल में इस बार अंबेडकर जयंती, महावीर जयंती, ईद-उल-फित्र सहित कई और मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने अलग-अलग जगहों के हिसाब से 3 लॉन्ग वीकेंड पड़ रहे हैं।

## कर्नाटक के दावणगेरे में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक



**बेंगलुरू**: कर्नाटक दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। पीएम मोदी बेंगलुरु में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो कर रहे थे। इस दौरान एक शख्स उनकी सुरक्षा घेरा तोड़कर पीएम की तरफ बढ़ने लगा। फिलहाल उसे हिरासत में ले लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। पीएम वहां युवा महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मामले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि सड़क के दोनों तरफ भारी भीड़ है। लोग पीएम मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। इसी बीच एक शख्स पीएम मोदी तक पहुंचने की कोशिश करने लगा। उनकी गाड़ी की तरफ तेजी से दौड़ने लगा। तभी वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया।

# गांधी किसी से माफी नहीं मांगता: राहुल

### 'मेरा नाम सावरकर नहीं, गांधी है, मैं यहां भारत के लोगों की लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा करने के लिए हूं। ऐसा करता रहूंगा, मैं किसी से नहीं डरताः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे हैं और डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी अडाणी समूह से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए उन पर ओबीसी समुदाय के अपमान का आरोप लगा रही है।

**'अदाणी समूह पर सवाल पूछना जारी रखूंगा'**: राहुल गांधी ने कहा, "असली सवाल यह है कि अदाणी समूह में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, वो पैसा किसका है?"

उन्होंने दावा किया कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे डरे हुए थे कि वह फिर से सदन में



अडाणी मामले पर बोलेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, "अदाणी जी की शेल कंपनी हैं, उनमें 20 हजार करोड़ रुपया किसी ने निवेश किया है, ये पैसे किसके हैं? यह सवाल मैंने पूछा। मोदी जी और अडाणी जी के रिश्ते के बारे में पूछा। मेरी बातों को सदन की कार्यवाही से हटाया गया।"

**'अदाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए खेला जा रहा खेल'**: राहुल ने ओबीसी समुदाय के अपमान करने के भाजपा के आरोप पर कहा कि मैंने हमेशा भाईचारे की बात की है, यह (मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामला) ओबीसी के बारे में नहीं है। अयोग्य ठहराने, मंत्रियों द्वारा आरोप लगाने का पूरा खेल अदाणी मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए खेला गया। अगर वे मुझे स्थायी रूप से भी अयोग्य करार दे देते हैं तब भी मैं अपना काम करता रहूंगा। मैं यहां भारत के लोगों की लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा करने के लिए हूं। ऐसा करता रहूंगा, मैं किसी से नहीं डरता।

### 'अयोग्य ठहराए जाने से मुझे फर्क नहीं पड़ता'

**राहुल** ने कहा, मुझे अयोग्य ठहराया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मेरे अगले भाषण से डरे हुए थे जो अदाणी पर होने वाला था। मैंने उनकी आखों में यह डर देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे सदस्यता मिले या नहीं मिले। मुझे स्थायी रूप से अयोग्य ठहरा दें, मुझे फर्क नहीं पड़ता कि संसद के अंदर रहूं या नहीं रहूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था।

### 'मेरा नाम गांधी, गांधी किसी से माफी नहीं मांगता'

**विपक्षी** एकता के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि मेरा समर्थन करने के लिए मैं सभी विपक्षी दलों का आभार व्यक्त करता हूं, हम सभी मिलकर काम करेंगे। राहुल से जब एक पत्रकार ने मानहानि मामले में माफी मांगने को लेकर सवाल किया तो राहुल ने कहा कि मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है। गांधी किसी से माफी नहीं मांगता।

### 'क्या नाखून कटाकर राहुल ने शहीद होने की कोशिश की'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि राहुल पर मानहानि के 60 मामले चल रहे हैं। राहुल पर केस दर्ज हुआ सूरत में। उनके पास बड़े-बड़े वकीलों की फौज है। राज्यसभा और लोकसभा में बड़े बड़े वकील हैं। आखिर क्यों राहुल के मामले में वे लोग सूरत कोर्ट में नहीं गए। यही पवन खेड़ा का मामला था तो बड़े बड़े वकीलों की फौज उनके मामले में पहुंच गई थी।

## कांग्रेस के लिए समस्या हैं राहुल गांधी: सीएम शिवराज सिंह चौहान



**भोपालः मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। सीएम चौहान न राहुल गांधी को कांग्रेस के लिए समस्या बताया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग मुंह पर ताला लगा कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी आपने अपने मुंह पर ताला तब क्यों नहीं लगाया, जब आप अपने मुंह से मोदी जी के जाति के बारे में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे।" सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सवाल किया, "जिस ढंग से राहुल गांधी ने जाति का अपमान किया है, ओबीसी का अपमान किया, आपको किसने हक दिया ओबीसी को अपमानित करने का।"

**सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया सवालः** सीएम चौहान ने सवाल किया कि क्या पिछड़े वर्ग में पैदा होना पाप है? क्या केवल पिछड़े वर्ग के होने के कारण किसी का भी अपमान किया जाएगा। आप अपने आप को राजा-महाराजा से कम नहीं समझते हैं। यह ताला आपके मुंह पर उस समय लगना था, जब आपने न्यायपालिका का अपमान किया। आप क्या-क्या बोलते हैं।

## नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में: शाह



**टीम एक्शन इंडिया/जगदलपुर**
**बस्तर** में सीआरपीएफ ने अपना 84वां स्थापना दिवस मनाया। करनपुर कैंप में कोबरा के 201/204 बटालियन के परेड ग्राउंड में कार्यक्रम हुआ। अलग-अलग सेक्टर के जवानों ने परेड की। इस बीच गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। जवानों को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब अंतिम चरण में है। अमित शाह ने कहा मैं बस्तर में खड़ा होकर आप लोगों के बीच बोल रहा हूं। आज नक्सलियों का जो खात्मा हो रहा है। ये सीआरपीएफ की बदौलत है। अमित शाह बोले, सीआरपीएफ का जन्म लौह पुरुष सरदार पटेल ने किया था। एक बटालियन से शुरू हुई सीआरपीएफ आज देश के सभी कोने में मौजूद है। अगर कहीं से अप्रिय घटना की खबर आती है और फिर पता चलता है कि, वहां सीआरपीएफ की टीम पहुंच जाती है, तो मेरी चिंता खत्म हो जाती है, क्योंकि मैं जानता हूं जहां सीआरपीएफ है, वहां सब कुछ अच्छा होगा।

### हिंसा की घटनाओं में आई है कमी: शाह

**अमित** शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर से लेकर सुदूर के जनजातीय इलाकों तक शांति एवं विकास के कार्यों को स्थापित करने में सीआरपीएफ के जवानों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। 2010 की तुलना में देश में वामपंथी उग्रवाद हिंसा की घटनाओं में 76 फीसदी की गिरावट हुई है।

## 'कर्नाटक ने डबल इंजन सरकार की वापसी का मन बना लिया'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को एक बार फिर कर्नाटक पहुंचे। राज्य में उनका इस साल का ये 7वां दौरा है। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो किया फिर जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा- कि आज सुखद संयोग है। आज विजय संकल्प रैली हो रही है और उसी समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लकार्जुन खड़गे की कर्मभूमि कलबुर्गी में हमारे पार्टी ने मेयर और



डिप्टी मेयर का चुनाव जीत लिया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में भाजपा का विजय डंका बज गया। यह एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भी निशाना साधा।

### विजन के अनुरूप

= प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भी निशाना साधा।

मोदी ने कहा- सोशल मीडिया पर कल मैंने कर्नाटक का एक वीडियो देखा। एक पार्टी के बड़े नेता कर्नाटक के पूर्व सीएम अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारने का आनंद ले रहे थे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। 2249 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## यूपी की पहचान अब उपद्रवी नहीं उत्सव हैं: योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश की जनता के सामने भाजपा सरकार की छह साल की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है। अब प्रदेश माफियाओं के कारण नहीं बल्कि महोत्सव के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमने नया यूपी बनाया है। छह वर्ष पहले लोग कहते थे कि यूपी में कभी विकास नहीं हो सकता है पर आज पूरा प्रदेश विकास की दौड़ में पहले स्थान पर जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जो छह साल पहले हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होने और परिवारवाद के कारण जाना जाता था पर अब यूपी की नई छवि देश और दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने यूपी में पुलिस सुधार किए। प्रदेश में सात पुलिस कमिश्नरेट बने। तहसील के स्तर पर फायर ब्रिगेड बने। हर जिले में पुलिस के लिए बैरक बनाए जा रहे हैं और साइबर थानों की स्थापना हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश में रोजगार और निवेश के लिए माहौल बना है। सरकारी नौकरियों में जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### उपलब्धियों का ब्यौरा

= हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है।

## 'लीगल प्रोफेशन में महिला-पुरुष अनुपात निराशाजनक'

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि कोर्ट-कचहरी से जुड़े पेशे में महिला और पुरुषों का अनुपात निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के समान ही मौके दिए जाने चाहिए। युवा और काबिल महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि चैंबर में महिला को रखने से पहले बहुत सोचा जाता है। यह माना जाता है कि उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके ऑफिस के कामकाज में रुकावट बनेंगी।



जस्टिस चंद्रचूड़ ने बताया कि तमिलनाडु में लीगल प्रोफेशन में 50 हजार पुरुष एनरोल्ड (नामांकित) हैं जबकि महिलाओं की संख्या मात्र 5 हजार है। यह स्थिति पूरे देश में एक जैसी है। लीगल प्रोफेशन में महिलाओं को बराबरी से मौके नहीं दिए जा रहे। समय बदल रहा है, हाल ही में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी में हुई भर्तियों में 50 पर्सेंट से अधिक महिलाएं हैं। हमें महिलाओं की प्रोग्रेस के लिए समान अवसर पैदा करने होंगे। चीफ जस्टिस तमिलनाडू के माइलादुत्रयी में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में हुए एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### निशाना बनाया

= महिलाओं को पुरुषों के समान ही मौके दिए जाने चाहिए। युवा और काबिल महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है

## कोरोनाः स्वास्थ्य मंत्रालय-आईसीएमआर की राज्यों को चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कोरोना वायरस की जांच को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लिखी गई इस चिट्ठी में सभी राज्यों कोरोना की जांच की रफ्तार बढ़ाने और हालात पर बारीकी से नजर रखने को कहा गया है। दरअसल, पिछले 24 घंटे में 1590 लोगों में संक्रमण की पुष्टि की गई है। इस दौरान छह संक्रमितों की मौत भी हुई है। 146 दिनों में यह कोरोना के एक दिन का सबसे अधिक केस है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, पिछले पांच हफ्तों में देश में संक्रमण के मामलों में नौ गुना तक बढ़ोतरी आई है।

## 'व्यापार मॉडल पर रखें बारीकी से नजर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विभिन्न वित्तीय स्वास्थ्य मानकों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यह समीक्षा बैठक अमेरिका और यूरोप में कुछ अंतरराष्ट्रीय बैंकों की विफलता से उत्पन्न वर्तमान वैश्विक वित्तीय परिदृश्य के आलोक में आयोजित की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने नियामक ढांचे का पालन करते हुए जोखिम प्रबंधन, जमा के विविधीकरण और संपत्ति आधार



पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। वित्त मंत्री ने रेखांकित किया कि सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को तनाव बिंदुओं की पहचान के लिए अपने व्यापार मॉडल को बारीकी से देखना चाहिए। उन्होंने बैंकों को विस्तृत संकट प्रबंधन और संचार रणनीतियों को तैयार करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। बैंकों द्वारा वित्त मंत्री को यह भी बताया गया कि वे वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र के घटनाक्रम के प्रति सतर्क हैं और किसी भी संभावित वित्तीय झटके से खुद को बचाने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। सभी प्रमुख वित्तीय मापदंड यह संकेत देते हैं कि पीएसबी की मजबूत वित्तीय स्थिति है। वित्त मंत्री ने बैंकों को ब्याज दर जोखिमों के बारे में सतर्क रहने और नियमित रूप से तनाव परीक्षण करने की सलाह दी।

### सलाह दी

= सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ वित्त मंत्री ने की समीक्षा बैठक, कहा अपने व्यापार मॉडल पर रखें बारीकी से नजर

**प्राकृतिक न्याय के खिलाफ** जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है

## जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानहानि** केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस सेक्शन के तहत किसी जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर उसकी संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है। इस याचिका में कहा गया है कि अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।



इस जनहित याचिका को पीएचडी स्कॉलर और सोशल एक्टिविस्ट आभा मुरलीधरन ने दाखिल किया है।

**सेक्शन 8 (3) इसी एक्ट के बाकी सेक्शन से एकदम उलट है:** जनप्रतिनिधित्व एक्ट, 1951 का सेक्शन 8 (3) भारतीय संविधान की शक्ति के दायरे से ही बाहर है क्योंकि यह इसी एक्ट के सेक्शन 8 (1), 8A, 9, 9A, 10, 10A और 11 से एकदम उलट है। याचिका के मुताबिक, सेक्शन 8 (3) किसी सांसद को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने से रोकता है, जिन्हें पूरा करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुना है। लोकतंत्र के सिद्धांत के खिलाफ है।

### याचिका दाखिल

= अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।

**सेक्शन 8(3) खुद ही अपना खंडन करता है, इससे चीजें अस्पष्ट होती हैं:** किसी सांसद की सदस्यता भंग करने के लिए इस एक्ट के सेक्शन 8(1) में अलग-अलग तरह के अपराधों को अलग-अलग कैटेगरी में रखा गया है। लेकिन, सेक्शन 8(3) सिर्फ सांसद को दोषी ठहराए जाने और सजा मिलने के आधार पर ही उसकी संसद सदस्यता को खत्म कर देता है। दोनों प्रावधान परस्पर विरोधी हैं और सेक्शन 8(3) यह साफ नहीं कर पाता है कि सांसद को डिस्क्वालिफाई करने के पीछे कौन सी प्रकिया निभाई गई है।

# एफपीओ से जुड़ कर आय बढ़ाएं किसानः मनोहर

## सूक्ष्म सिंचाई एवं प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसानः मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों का आह्वान किया कि किसान एफपीओ से जुड़ कर खेती करें ताकि उनकी कृषि लागत में कमी आए और उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इसके अलावा किसान सूक्ष्म सिंचाई, टपका सिंचाई इत्यादि प्रणाली को अपनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को किसान उत्पादक समूहों (एफपीओ) के किसानों से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय की मांग के अनुसार आज किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती से भूमि की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ती है और रासायनिक खाद पर निर्भरता न होने से उत्पादन लागत में भी कमी आती है और उत्पादन भी बढ़ता है। मनोहर लाल ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक प्रबंधन, भण्डारण, विपणन का ज्ञान प्रदान कर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी, 2020 में किसान उत्पादक समूह की परिकल्पना की थी। देश में 10 हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा गया था। हरियाणा के किसान भी इस योजना का अधिकतम लाभ उठा रहे हैं। प्रदेश में 731 एफपीओ बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज इन



एफपीओ की उपलब्धि से प्रेरणा प्राप्त कर अन्य किसान भी एफपीओ से जुड़ेंगे।
इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों के लिए हितकारी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। सरकार की ओर से एफपीओ को वित्तीय सहायता तथा उत्पादों की ग्रेडिंग, ब्रांडिंग से संबंधित अन्य कई प्रकार की सहायता होने पर किसानों पर आर्थिक बोझ तो कम हुआ ही और साथ ही उन्हें अपनी उपज का सही दाम भी मिलने लगा है। अटेरना ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, जिला सोनीपत के जैनेंद्र चौहान ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके एफपीओ से 500 किसान जुड़े हुए

**8 किसान एफपीओ के माध्यम से पैक हाउस बनाकर उसमें अपनी उपज का भंडारण कर उसे खराब होने से बचा सकते हैं**

हैं और वे बेबी कॉर्न और स्वीट कॉर्न की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले किसान आजादपुर मंडी में अपनी उपज बेचते थे, जहां उन्हें कम भाव मिलता था। परंतु एफपीओ से जुड़ने के बाद अब हम अपने उत्पाद विदेशों में भी बेचते हैं, जिससे किसानों को अधिक भाव मिलने के कारण सीधा लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने इन सभी से बात करते हुए कहा कि यदि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना करना पड़ता है तो, सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने एफपीओ के माध्यम से पैक हाउस बनाकर उसमें अपनी उपज का भंडारण कर उसे खराब होने से बचा सकते हैं। साथ ही उपज की ग्रेडिंग और पैकेजिंग भी स्वयं करके न केवल बिचौलियों के शोषण से बचेंगे, बल्कि बाजार से भी सीधे जुड़ेंगे। साथ ही फसल सीजन समाप्त होने पर भी कृषि उत्पाद की आपूर्ति पैक हाउस से की जाती रहेगी और किसान को आय प्राप्त होती रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में ताजे फलों और सब्जियों की आपूर्ति के लिए काफी संभावनाएं मौजूद हैं। जिला यमुनानगर में हल्दी की पैदावार होती है।
वहां हल्दी के उत्पाद तैयार किये जा सकते हैं। इसी प्रकार, जिला सिरसा में किन्नू और कुरुक्षेत्र में आलू, करनाल में सब्जियों व जिला सोनीपत में बेबीकॉर्न व मशरूम की भरपूर पैदावार होती है। हरियाणा में वीटा भी इसका एक उदाहरण है।

## 'हर माह दो लाख लाभार्थियों से योजनाओं का फीडबेक लेगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अपने लगभग नौ वर्ष के शासनकाल में जनकल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की है, जिससे हर नागरिक लाभान्वित हुआ है। भारतीय जनता पार्टी हर माह दो लाख लाभार्थियों से संपर्क करके योजनाओं बारे उनसे फीडबेक लेगी और उस फीडबेक को केन्द्र व राज्य सरकार से सांझा करके योजनाओं को बेहतरी की तरफ लेकर जाएंगे। वे शनिवार को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां पर पार्टी के चार लोकसभा क्षेत्रों के शक्ति केन्द्र संगम कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हिसार एक ऊर्जावान शहर है और हमारे लिए किसी भी सकारात्मक पहल के लिए सबसे अच्छी जगह है। पत्रकारों सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने फसल बीमा योजना का प्रारूप मेरे कार्यकाल में केन्द्र सरकार को भेजा था, जिसे आज पूरे देश में लागू किया जा रहा है। हमने अब तक फसल बीमा योजना और आपदा प्रबंधन के तहत 8800 करोड़ का मुआवजा किसानों को देकर उनकी चिंता को दूर किया है। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में उपनाम का बहुत महत्व है, कोलार में दिए उनके भाषण पर अदालत ने उन्हें खेद व्यक्त करने का मौका भी दिया था, लेकिन उनका अहंकार बड़ा है, इसीलिए आज उन्हें यह दिन देखना पड़ा।

## पंचायत भवन में लगीः प्लास्टिक बोतल क्रेसिंग मशीन

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
विधायक प्रवीण डागर ने शनिवार को गांव मंडकोला में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय केंद्र सरकार के सीएसआर फंड, ईको विंग्स फाउंडेशन व स्वावलंबन गैर सरकारी संगठन के सहयोग से पंचायत भवन के प्रांगण में प्लास्टिक बोतल क्रेसिंग मशीन का उद्घाटन किया। विधायक प्रवीण डागर ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवा रहे हैं। वे हर गांव में स्वच्छता के प्रति बढावा देने के लिए नई-नई स्कीमों के बारे में आदेश जारी करते रहते हैं। इसी कड़ी में आज गांव मंडकोला में प्लास्टिक बोतल क्रेसिंग मशीन की स्थापना की गई है। एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने विधायक प्रवीण डागर को स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामवासी इस मशीन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा घरों में पड़ी प्लास्टिक की बोतल को मशीन में डालकर गांव को साफ-सुथरा बनाने में अपना सहयोग दें।
उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक व दूसरे प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग हमें अपने जीवन में नहीं करना चाहिए। इससे प्रदूषण फैलता है। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखने के लिए हमें इस मशीन का ज्यादा से ज्यादा



फायदा उठाना चाहिए। इस मशीन द्वारा एक मीनट में 20 प्लास्टिक बोतलों के छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए जाते हैं। इन प्लास्टिक के टुकड़ों को आसानी से रिसाइक्लिंग सेंटर में भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हथीन खंड में यह एक पहली शुरूआत है। इससे गांव मंडकोला को स्वच्छ गांव बनाने की एक मिशाल कायम की जा सकती है। एसडीएम ने गांव के लोगों से आह्ववान किया कि वे प्लास्टिक की बोतलों व अन्य प्लास्टिक का प्रयोग के बाद इस मशीन में डालकर डिस्पोज कर गांव को साफ-सुथरा बनाएं। इस अवसर पर गांव की सरपंच सविता देवी,एनएसपीडीसी से गुलशन कुमार पहाडिया,स्वावलंबन से स्मृति गुप्ता,ईको विंग फाउंडेशन से संगीता तायल, बीना शाह व अजय लाल ने कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में सभी ग्रामवासियों को जागरूक किया और गांव को स्वच्छ बनाने बारे संबोधित किया।

## तीन बार आया सीएम बनने का मौका : पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह

**8 दो अक्टूबर को जींद बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन द्वारा आयोजित रैली के बाद प्रदेश में राजनीति, व्यवस्था बदलाव होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**पूर्व** केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि राजनीति जीवन में तीन बार सीएम बनने का अवसर आया। एक बार किस्मत ने तो दो बार लोगों ने साथ नहीं दिया। 1991 में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिला लेकिन 21 जून को राजीव गांधी की मौत हो गई जबकि हरियाणा के परिणाम 23 को आना थे। 2000 में जब कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कही लेकिन विधानसभा चुनाव में लोगों ने हराया दिया। ऐसे ही 2009 के चुनाव में भी लोगों ने हराया दिया। यहां के लोगों को समझाया नहीं जा सकता है लेकिन बहकाया जा सकता है। दूसरी जगह से आ कर यहां से लोगों को बहका कर विधायक बन जाते है। बीरेंद्र



सिंह शनिवार को उचाना स्थित नर्सिंग कॉलेज में आयोजित शिविर को संबोधित कर रहे थे। शिविर का आयोजन बीरेंद्र सिंह के जन्म दिन पर बीरेंद्र सिंह के साथी, युवा शक्ति बदलाव की ओर एवं छोटूराम विचार मंच द्वारा सयुंक्त रूप से किया। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि दो अक्टूबर को जींद बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन द्वारा आयोजित रैली के बाद प्रदेश में राजनीति, व्यवस्था बदलाव होगा। इस दिन रिकार्ड तोड़ भागीदारी होनी चाहिए। विधानसभा में 20 से 25 युवा पहुंचे ये उनकी सोच है। आप ईमानदार नेता का साथ दे ताकि गरीब आदमी आर्थिक तौर पर मजबूत हो, किसानों को उनकी फसल के भाव अच्छे मिले, भ्रष्टाचार पर लगाम लगे। जो लोग चाहते है उसके अनुरूप ही वो फैसला लेंगे। हलके के लोग चुनाव में ये नहीं देखते कि जीताना किसको है लेकिन ये देखते है कि हराना किसको है। लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी। जिस तरह से मुठी बंद होती है उस तरह से एकजुट होना होगा। हलके में 100 काम अगर हुए है तो 95 काम उनके द्वारा या यहां से विधायक रही प्रेमलता द्वारा करवाए गए हैं। 48 हजार वोटों से बीते विस चुनाव में प्रेमलता को हलके से हराया दिया।

## 'शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भी पैदा करें शिक्षण संस्थान'

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनके भीतर आत्मविश्वास भी पैदा करें। मूलचंद शर्मा शनिवार को गुरुग्राम के डीपीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में संबोधित कर रहे थे।

**8 इसी क्रम में प्रदेश के सभी 177 कॉलेजों में आधारभूत संरचनाओं में भी आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत हमारे युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में पात्र युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरी दी जा रही है। पलवल के दूधोला में उत्तर भारत के पहले विश्वविद्यालय विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास में वृद्धि कर उनके लिए वैश्विक स्तर की नौकरियों के मार्ग प्रशस्त किए जा रहे हैं।
उन्होंने ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए प्रदेश में नए कॉलेज खोले हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 177 कॉलेजों में आधारभूत संरचनाओं में भी आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कॉलेज के नए भवन का उद्घाटन करने के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ नाटक, कोरियोग्राफी, गीत पेश कर सामाजिक बुराइयों को दूर रहने का संदेश दिया।

## हिसारः गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हिसार** स्थित गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी मांगों के हल के लिए शनिवार को विश्वविद्यालय में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। संघ ने मुख्यमंत्री से अनेक मांगों पर चर्चा की। संघ के प्रधान रामनिवास वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात में विश्वविद्यालय की तीन मुख्य मांगें रखी गई। मांगों में कहा गया कि विश्वविद्यालय में जिले के सभी एफिलिएटिड कालेज जुड़ने के बाद विद्यार्थियों की संख्या कई गुणा बढ़ चुकी है, जिससे कार्यभार काफी बढ़ गया है। इसलिए विश्वविद्यालय में नये पदों की आवश्यकता है। वर्ष 2003 के बाद से कोई भी नये पद स्वीकृत नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018 में विभिन्न कैडरों में पदोन्नति की गई थी, जिनकी ऑडिट विभाग द्वारा अभी तक पे फिक्स नहीं की गई है, जिसे जल्द से जल्द फिक्स करवाए जाए।

## डिप्टी सीएम दुष्यंत ने दिए अधिकारी को चार्जशीट करने के निर्देश

### भवन सामग्री की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार के खिलाफ भी होगी कार्यवाही, दुष्यंत चौटाला ने परिवेदना समिति की बैठक में 14 शिकायतों किया निपटान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रोहतक जिला के खरक जाटान गांव में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विद्यालय के निमार्णाधीन भवन में कम गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग होने पर विभाग के निदेशक को संबंधित अधिकारी को चार्जशीट करने की सिफारिश भेजने के निर्देश दिये।
उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को शिकायतकर्ता द्वारा सैम्पल टैस्ट के लिए जमा करवाई गई फीस भी वापिस लौटाने के निर्देश दिये। उपमुख्यमंत्री रोहतक में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक में 21 शिकायत रखी गई, जिनमें से सुनवाई के दौरान 14 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा 4 शिकायतों की जांच के लिए समितियां गठित की गई। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव खरक जाटान के शिकायतकर्ता पुष्पेंद्र इत्यादि की विद्यालय के निमार्णाधीन भवन में कम गुणवत्ता की सामग्री प्रयोग करने की शिकायत की सुनवाई के दौरान अधिकारियों से सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त की।



**8 बिछाई गई पाइप लाइन के 30 प्रतिशत कार्य को नाबार्ड के पास भिजवाये ताकि लोगों को शीघ्र पेयजल उपलब्ध हो सके**

जांच रिपोर्ट के अनुसार भवन निर्माण में तय मानकों के अनुरूप निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने इस रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त डॉ. यशपाल से कहा कि वे शिक्षा विभाग के निदेशक को इस मामले में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध चार्जशीट की सिफारिश भेजें। सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए है।
उपमुख्यमंत्री ने रोहतक के सनसिटी निवासीगण की शिकायत की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. यशपाल को हरियाणा विकास शहरी प्राधिकरण की सम्पदा अधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने को कहा तथा समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने हरियाणा विकास शहरी प्राधिकरण को इस मामले में आगामी बैठक तक गंदे पानी की निकासी के लिए सीवर इत्यादि की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी सत्येंद्र व अन्य की शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह में कॉलोनी निवासियों के लिए पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय गीता नगर की पार्षद की शिकायत के संदर्भ में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल के 6 टैंकर भिजवाने तथा रजिस्टर मेंटेन करने के निर्देश दिये।
उन्होंने इस मामले में उपायुक्त डॉ. यशपाल, नगर निगम आयुक्त तथा रेवेन्यू अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित कर राजस्व रिकॉर्ड की जांच करने को भी कहा।

## कैथल की बेटी दीपिका सांगवान दिल्ली में बनी जज

**कैथल।** कैथल की बेटी दीपिका सांगवान का चयन दिल्ली ज्यूडिशल में हुआ है। वह आल इंडिया जनरल में 32वां रैंक हासिल कर जज बनी है। 17 दिसंबर 1996 को जन्मी दीपिका ने बताया कि उनका बचपन गांव ढांड में बीता। उन्होंने पांचवीं तक की पढ़ाई ब्रह्मपुत्र विद्या मंदिर ढांड से की। इसके बाद उसने 10वीं की पढ़ाई डीएवी पूंडरी से की तथा 12वीं ओएस डीएवी कैथल से की। इसके बाद वह बीएएलएल करने के लिए आर्मी इंस्टीटयूट आफ ला गई तथा वहां से 2020 में अपनी पढ़ाई पूरी की।

## फसल बीमा पॉलिसी रद्द होने की गलत सूचना का किया खंडन

### कृषि विभाग किसानों के सहयोग के लिए तत्पर, जिला में फसल खराबे के लगभग 3 हजार 400 आवेदन हुए प्राप्त

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
कृषि एंव किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डा. पवन शर्मा ने समाचार-पत्र में छपी किसानों की फसल बीमा पॉलिसी रद्द करने की खबर का खंडन करते हुए कहा कि कुछ गलत व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत द्वेष भाव रखते हुए कृषि विभाग को बदनाम करने की कोशिश में बिना तथ्यों की जांच किए इस तरह की खबरें मीडिया में दी है। वास्तविक्ता यह है कि कृषि विभाग सरकार की स्वतंत्र संस्था है, जिसका बीमा कम्पनी से कोई संबंध नहीं है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सरकार की महत्वकांक्षी



योजना है, जो किसानों को उनकी फसल खराब होने पर मुआवजा राशि दिलाने का काम करती है, जिसमें कृषि विभाग किसानों के प्रति सहानुभूति रखते हुए किसानों की खराब हुई फसल का सर्वेक्षण करने के उपरांत उचित मुआवजा दिलाने का कार्य करता है। वर्तमान समय में भी रबी-2023 में 18 मार्च 2023 को जिला में आई आक्समिक बरसात के बाद तुरंत प्रभावी रूप से 19 मार्च 2023 से ही फसल खराबे के आवेदन विभागीय कार्यालय में लेने प्रारम्भ कर दिए थे और अभी तक 72 घंटें के पश्चात जिले के सभी 4 खंडों से आवेदन जमा करने के दिशा-निदेर्शों पर लगभग 3 हजार 400 आवेदन प्राप्त किए गए है, जिससे स्पष्ट है कि कृषि विभाग किसानों के सहयोग के लिए तत्पर है। कृषि उपनिदेशक द्वारा चंडीगढ बीमा कम्पनी के अधिकारियों से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होने कहा कि बीमा कम्पनी द्वारा इस प्रकार के संदेश किसानों को नही भेजे जाते और न ही किसी किसान की बीमा पॉलिसी रद्द हुई है।

## क्षतिपूर्ति पोर्टल को फिर से खुलवाया जाएगाः अनूप धानक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने आज चरखी दादरी जिला में बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का जायजा लिया। बाढड़ा हलके के गांव चिड़िया, दूधवा, दातौली, मंदौला, चांगरोड आदि का दौरा करते हुए उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसानों की सुविधा के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल एक बार फिर से खुलवाया जाएगा, जिससे कि फसलों के हुए नुकसान की रिपोर्ट उसमें दर्ज करवाई जा सके। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि रबी सीजन में फसल कटाई के समय अचानक

**8 जिस पर किसी का वश नहीं है और यह सब प्रकृति और परमात्मा के हाथ में है**

प्राकृतिक विपदा आ जाने की वजह से किसानों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। जिस पर किसी का वश नहीं है और यह सब प्रकृति और परमात्मा के हाथ में है। सरकार पूरी तरह से इस संकट की घड़ी में किसानों के साथ है। गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने श्रम एवं रोजगार मंत्री से मुलाकात की और कहा कि उनमें से कईयों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का विवरण दर्ज नहीं करवाया है।
जिस कारण अब उन्हें इस बात का भय है कि यह आर्थिक नुकसान उनको स्वयं वहन करना होगा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार के उच्चाधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवा दिया गया है और जल्दी ही इसका रास्ता निकाला जाएगा।
फसलों की निष्पक्ष गिरदावरी करवाई जाएगी और उस रिपोर्ट के आधार पर सरकार की ओर से कोई ठोस फैसला लिया जाएगा।

## 'अरावली ग्रीन वाल से मिलेगा हरियाली व जल संरक्षण को प्रोत्साहन'

### अरावली पर्वत शृंखला में हरियाली व जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने लिए केंद्र ने सरकार के सहयोग से अरावली ग्रीन वाल परियोजना आरंभ की गई है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने आज गुरुग्राम जिला के गांव टीकली से अरावली ग्रीन वाल परियोजना का शुभारंभ किया। हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कंवर पाल भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्व वानिकी दिवस को लेकर जारी गतिविधियों के तहत अरावली पर्वत शृंखला में हरियाली व जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने लिए केंद्र ने हरियाणा सरकार के सहयोग से अरावली ग्रीन वाल परियोजना आरंभ की गई है। अरावली ग्रीन वाल परियोजना के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री व अन्य विशिष्ट



जनों ने गांव टीकली में पौधरोपण किया और तालाब को विकसित बनाने के कार्य में श्रमदान किया। अरावली ग्रीन वाल कार्यक्रम के तहत हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिला के हरियाली को प्रोत्साहन के लिए पौधरोपण किया जाएगा और क्षेत्र में 75 जलाशयों को विकसित किया जाएगा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब पर्यावरण संरक्षण व आयुर्वेद को बढ़ावा, ग्रामीण भारत में संसाधनों में बढ़ोतरी के लिए गति

**8 शिक्षण व अन्य संस्थाएं मिलकर अरावली के विकास में कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा**

शक्ति, किसानों को एफपीओ व महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अरावली ग्रीन वाल कार्यक्रम भी आरंभ किया गया है। जिसके लिए नेशनल वर्किंग प्लान की भी शुरूआत की गई है। अमृत काल में हर जगह खुशहाली व समृद्धि लाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अरावली पर्वत शृंखला में जंगल सफारी व ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने की योजना के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि अरावली पर्वत शृंखला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित आस-पास के क्षेत्र को सांस देने के साथ-साथ रेगिस्तान को भी बढ़ने से रोकती है। ऐसे में अरावली के संरक्षण को लेकर सामूहिक प्रयास में हम सभी को अपना योगदान करना चाहिए। अरावली ग्रीन वाल परियोजना के तहत भविष्य में गुरुग्राम व आस-पास के जिलों की सामाजिक, धार्मिक, शिक्षण व अन्य संस्थाएं मिलकर अरावली के विकास में कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

# सीएमजीजीए नए विजन के साथ करें कार्य: सीएम मनोहर लाल खट्टर

## 'सुशासन सहयोगी नए इनोवेटिव प्रयोग कर जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना करें सुनिश्चित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी नए नए इनोवेटिव आइडियाज प्रयोग कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करे ताकि उन्हें भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। मुख्यमंत्री हरियाणा निवास में सीएमजीजीए के 7 वें बैच को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सीएमजीजीए से उनके अनुभव बारे जानकारी ली और उनके सवालों का जवाब दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डा. अमित अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमजीजीए को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए नए विजन के साथ कार्य करना है। हर तीन माह



में सीएमजीजीए की बैठक आयोजित कर फीडबैक ली जाएगी। इस दौरान नए प्रोजैक्टस की इनपुट करते समय उनके समक्ष सिस्टम में आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा, जनता को मिलने वाले लाभ के बारे में भी पता चल सकेगा। इसलिए हमेशा फील्ड में रहकर जनप्रतिनिधियों एवं जनता के बीच मिलकर बेहतर कार्य करना है।

**आटोमोबाईल क्षेत्र में देश की 50 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग केवल हरियाणा में:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश भर की 50 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग केवल हरियाणा में हो रही है, जिसके कारण औद्योगिक क्षेत्र में सर्विस सेक्टर की भी नई नई कंपनियां लगी और राजस्व में भी इजाफा हुआ। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में हरियाणा अग्रणी है। इसके अलावा, सब्जी, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में बिक्री के अवसर प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 'इस वर्ष गरीब महिलाओं को एसएचजी से जोड़ने का निर्णय'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि युवाओं के लिए नौकरियों में सीईटी लागू किया गया है, इसके तहत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतिभागियों से एक बार ही फीस ली जा रही है। युवाओं के लिए स्कीलिंग सिस्टम अपनाया गया है। इसके लिए पलवल में स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। सेना में भी युवाओं की संख्या अधिक है और खेलों के क्षेत्र में युवाओं ने देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 50 हजार स्वंय सहायता समूह बनाए गए हैं, जिनसे 50 लाख समूहों को ऋण एवं उनके उत्पाद की मार्केटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे है। इस साल सरकार ने हर समूह के साथ एक गरीब महिला को जोड़ने का निर्णय लिया है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। सीएम विंडो कार्यक्रम लागू कर 12 लाख समस्याओं का निदान किया गया मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए सीएम विंडो कार्यक्रम लागू कर 12 लाख समस्याओं का निदान किया गया है। पीपीपी के माध्यम से 12 लाख नए परिवारों के बीपीएल कार्ड स्वत: ही बने है। इसके अलावा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, सरल पोर्टल, स्वामित्व योजना, आटो अपील सिस्टम, ड्रोन टेक्नोलोजी जैसी अनेक बेहतर योजनाएं लागू कर सुशासन देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सीएमजीजीए के परियोजना निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि 2016 में सीएमजीजीए एक अनूठा कार्यक्रम शुरू किया।

# 'जनता व कार्यकर्ता की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता दें व जनता के काम लेकर आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं की बात सुनें। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि जनता व कार्यकर्ताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे शनिवार को हिसार के गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित शक्ति केन्द्र संगम से कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुनवाई के लिए जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वे हर रोज सुबह 11 बजे से एक बजे तक अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें और नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं व शिकायतों का निदान करें। जनता की सुनवाई न करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व



प्रदेश सरकार ने अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए हर जरूरतमंद परिवार के उत्थान के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर-घर तक जाएं और लोगों को उनका लाभ लेने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति, किसानों और पिछड़े वर्ग की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे पास हर नागरिक की जानकारी है जिसके आधार पर भविष्य में भी जनकल्याण की योजनाएं बनाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज हित में निरंतर काम कर रही है। सरकार का ध्येय पारदर्शिता के साथ नागरिकों के लिए बनाई गई हर योजना का लाभ धरातल तक पहुंचाना है।

# दसवीं के रद्द हुए विषयों की पुनः परीक्षा 29 व 31 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि दसवीं व 12वीं की परीक्षा में परीक्षा की पवित्रता भंग होने के कारण कुछेक परीक्षा केंद्रों की रद्द हुई विषयों की पुनः परीक्षा का संचालन 29 व 31 मार्च को जिला मुख्यालयों पर करवाया जा रहा है। गौरतलब होगा कि शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ हुई थी, ये परीक्षाएं 28 मार्च तक संचालित होंगी। डॉ. वीपी यादव बताया कि दसवीं की परीक्षा में रद्द हुए विषयों की पुनः परीक्षा 29 मार्च को हिन्दी, ड्राईंग, शारिरिक शिक्षा, संस्कृत, उर्दू,

> 8 शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ हुई थी, ये परीक्षाएं 28 मार्च तक संचालित होंगी

संगीत, अंग्रेजी व गणित तथा 31 मार्च को साईंस विषय की परीक्षाओं को संचालन करवाया जाएगा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा की रद्द हुए विषयों रसायन विज्ञान, लोक प्रशासन, आईटी एण्ड आईटीईएस, भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, अंग्रेजी, समाज शास्त्र, संस्कृत, गणित व भूगोल की पुनः परीक्षा 31 मार्च, को संचालित होंगी।

# बिजली मंत्री ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने शनिवार को जिला के गांव लगभग दो दर्जन गांवों के खेतों का दौरा कर बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण कर खराबे का जायजा लिया। बिजली मंत्री ने नकोड़ा, हिम्मतपुरा, जीवन नगर, संत नगर, दमदमा, धर्मपुरा, हारनी खुर्द, करीवाला, हरिपुरा, भड़ोलियांवाली, बालासर, मोहम्मदपुरिया, कुस्सर, मैहना, खारियां, बुखारा, पीरखेड़ा, मोडांवाली, खुइयां नेपालपुर, कर्मगढ, साहूवाला प्रथम आदि गांवों के खेतों का निरीक्षण किया। बिजली मंत्री ने किसानों की समस्याएं सुनी और कहा कि



किसान घबराए नहीं, हरियाणा सरकार सबके नुकसान की भरपाई करवाएगी। इसके लिए वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात भी करेंगे और उनके समक्ष क्षेत्र में बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी रखेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसलों का सटीक और सही आकलन करके ही नुकसान की रिपोर्ट भेजें ताकि किसानों को उनकी फसलों का सही मायने में पूरा मुआवजा मिल सके। हाल के दिनों में हरियाणा के कई इलाकों

> 8 किसानों की समस्याएं सुनी और कहा कि किसान घबराए नहीं, हरियाणा सरकार सबके नुकसान की भरपाई करवाएगी

में ओलावृष्टि हुई है जिससे फसलों का बहुत नुकसान हुआ है। नुकसान की भरपाई के लिए सरकार फसलों का सर्वे करा रही है।

बिजली मंत्री ने बताया कि किसान अपनी फसल के नुकसान की जानकारी ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर तय समय यानी 72 घंटे में दर्ज कर सकते हैं, ताकि खराब हुई फसलों का समय पर मुआवजा उन्हें दिया जा सके।

# बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी व पड़ी फसल हुई बर्बाद

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

धरती का सीना चीरकर अनाज उगाने वाला अन्नदाता कभी सरकार के फैसलों से तो कभी मौजम के बिगड़ते मिजाज के कारण परेशानियां झेलने को मजबूर रहता है। करीबन एक सप्ताह से बार-बार हो रही बारिश ने किसानों की बची-कुसी उम्मीदों पर भी पूरी तरह से पानी फेर दिया है। शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि के कारण किसानों की गेहूं की फसल गिर गई तो वही सरसों की कटी फसल भी भीग गई। अब फसलों के खराब हो जाने का खतरा ओर अधिक बढ़ गया है। जिसके कारण किसानों को अपने परिवार के भरण-पोषण व अगली फसल बुवाई की चिंता सताने लगी है। यह बात ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने शनिवार को जिला के गांव तालु, धनाना, बागनवाला, बीरण, दिनोद, सांगवान, भुंगला, बड़दू आदि गांवों के खेतों का निरीक्षण कर बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का जायजा लेते हुए कही। इस दौरान ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार से बर्बाद फसलों की ऐवज में किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की मांग की।

# सरचार्ज माफी को लेकर नगर निकाय मंत्री से मिले लोग

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

सरचार्ज माफी की मांग को लेकर मॉडल टाऊन के सेंकड़ों लोग व हंस मार्किट के दुकानदार माडल टाउन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पार्षद अर्जुन कटारिया के नेतृत्व में शनिवार को स्थानीय नगर निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मिले। मॉडल टाउन वासियों की समस्या को विस्तार से उनके समक्ष रखा। माडल टाउन वासियों ने नगर निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को बताया कि वर्ष 2016 से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग द्वारा माडल टाउन व हंस मार्केट का विभागीय रिकार्ड फतेहाबाद नगर परिषद को सौंप दिया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत पॉलिसी बनाकर कम्पलीशन चार्ज को पूरी तरह माफ करने की घोषणा की गई थी, लेकिन उसके बाद यह रिकार्ड नगर परिषद को



सौंप दिया गया। मॉडल टाउनवासियों ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई माफी अभी तक विभागीय पोर्टल पर है। उन्होंने मांग की कि उस सरचार्ज को तुरंत हटाकर माडल टाउन व हंस मार्केट के दुकानदारों को राहत दी जाए। विधायक दुड़ाराम व लक्ष्मण नापा ने माडल टाउनवासियों के पक्ष को मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। विधायक दुड़ाराम व लक्ष्मण नापा ने उपस्थित लोागों को आश्वस्त किया कि वे उनकी इस लड़ाई में उनके साथ है और सरचार्ज जरूर माफ करवाये जाएंगे।

इस अवसर पर फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम और रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा भी मौजूद रहे और मॉडल टाउनवासियों की मांग को मजबूती से मंत्री के समक्ष रखा। इस अवसर पर इनके साथ डॉ. महेन्द्र मैहता, सुखदेव कालापीला, शंकर कालापीला, राजकुमार नारंग सहित सेंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नीतू की जीत पर जश्न में डूबा भिवानी का गांव धनाना

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**बॉक्सर** नीतू घनघस ने शनिवार को दिल्ली में विश्व महिला मुक्केबाज चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में स्वर्ण पदक डाला है। इस चैंपियनशिप में 5-0 की बड़ी जीत पर उसके गांव धनाना में परिजन व ग्रामीण झूम उठे। गांव व जिले में खुशी का माहौल है। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रही विश्व महिला मुक्केबाज चैम्पियनशिप में आज 48 किलोग्राम भार वर्ग में नीतू घनघस का फाइनल मुकाबला मंगोलिया की मुकेबाज लुटसाई खान के साथ हुआ। नीतू घणघस ने रिंग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया की खिलाड़ी को धूल चटाई। नीतू घणघस ने प्रतिद्वंदी को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मुक्केबाज नीतू ने अपनी जीत का श्रेय अपने परिवार व कोच को दिया। जीत के बाद नीतू ने कहा कि मेडल जीतकर वह काफी खुश हैं। उन्होंने देश की लिए गोल्ड मेडल जीता है और इस मेहनत के पीछे उनके कोच व परिवार के लोगों का हाथ है। नीतू ने कहा कि वह इसी जोश के साथ भविष्य में आयोजित होने वाली मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए तैयारी करती रहूंगी। उनका अगला लक्ष्य आने वाली प्रतियोगिताओं व 2024 के ओलिंपिक पर रहेगा। फाइनल प्रतियोगिता से पहले नीतू अपने पिता जय भगवान और ताऊ रणबीर प्रधान, कोच जगदीश व परिजनों से मिली। परिजनों ने नीतू को आशीर्वाद देकर रिंग में जाने को कहा तो नीतू से गोल्ड मैडल जीत कर लाने की बात कही थी। नीतू की जीत से गांव धनाना ही नहीं बल्कि पूरे जिला भिवानी में खुशी का माहौल है।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे सफाई कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

फतेहाबाद नगरपरिषद कर्मचारियों द्वारा शनिवार को दूसरे दिन भी हड़ताल जारी कर कामकाज ठप्प रखा। दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प रही। हड़ताली कर्मचारियों ने नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल की अध्यक्षता कर्मचारी नेता रविंद्र लौट ने की व संचालन ओमप्रकाश लौट ने किया। हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे हरियाणा फायर कर्मचारी यूनियन सम्बंधित नगरपालिका कर्मचारी संघ के के प्रदेशाध्यक्ष प्रधान राजेन्द्र सिन्दद, जिला प्रधान रघुवीर सिंह, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सत्यवान चौहान ने कहा कि फतेहाबाद प्रशासन समय रहते कर्मचारियों की न्यायोचित्त मांगों को माने अन्यथा पूरे जिले के नगरपालिका कर्मचारी हड़ताल पर

> 8 हड़ताली कर्मचारियों ने नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेवार फतेहाबाद के अधिकारियों की होगी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि फतेहाबाद नगरपरिषद के अधिकारी जानबूझकर हड़ताल को आगे बढ़ा रहे हैं। अगर वह चाहे तो 1 घंटे के अंदर हड़ताल को समाप्त करवा सकते हैं लेकिन उन्हें शहर की जनता के स्वास्थ्य की थोड़ी सी भी फिक्र नहीं है। सफाई व्यवस्था ठप्प होने से शहर में गंदगी के अंबार लगे है और महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है, इसके बावजूद अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़ ने कहा कि हरियाणा चीफ सेक्रेटरी और अर्बन लोकल बॉडी विभाग द्वारा जारी परिपत्र जिसमें

# जेल के ऊपर ड्रोन उड़ा कर वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**पुलिस** ने जेल के ऊपर उड़ा कर उसका वीडियो बनाने वाले वीडियो ग्राफर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसका ड्रोन भी कब्जे में ले लिया है। शादी समारोह के दौरान वीडियोग्राफर ने ड्रोन से जेल के अंदर की वीडियो बना ली थी। पुलिस जेल उपाधीक्षक अजीत कुमार की शिकायत के बाद मामले की जांच में लगी थी। गिरफ्तार युवक की पहचान गांव गुहणा के सुशील कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी देवी सिंह ने बताया कि जेल के उप अधीक्षक सुरेंद्र कुमार की शिकायत अनुसार 14 मार्च को दोपहर करीब चार बजे जेल के ऊपर से ड्रोन उड़ता दिखाई दिया। जिसे देखते ही जेल अधीक्षक के आदेश पर ड्रोन का पीछा किया गया। जेल के सहायक अधीक्षक अजीत सिंह ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर ड्रोन तक



# राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिड़ी तीन गाड़ियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेस्ट हाउस के पास तीन गाडियां आपस में टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि पानीपत की तरफ से आ रही कार डिवाइडर क्रॉस करती हुई करनाल साइड जा पहुंची और इनोवा गाड़ी से जा टकराई। हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर एक तरफ करवाया और रास्ता बहाल किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को पानीपत निवासी गुरमीत सिंह अपने परिवार के साथ करनाल के अस्पताल में परिवार के ही किसी मरीज से मिलने के लिए जा रहा था। गाड़ी में गुरमीत की मां गुरमती कौर, पत्नी प्रीति, चाची मनिंदर कौर तथा 9 साल का बच्चा अमरजीत सवार थे।
रेस्ट हाउस के नजदीक गुरमीत की गाड़ी के आगे चल रही स्विफ्ट कार ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे गुरमीत सिंह ने कार का संतुलन खो दिया और आगे वाली कार से अपनी कार को बचाने के लिए डिवाइडर की तरफ मुड़ गया। रफ्तार ज्यादा होने के कारण डिवाइडर क्रॉस करते हुए गुरमीत की



कार करनाल-पानीपत रोड पर जा खड़ी हुई और करनाल की तरफ से आ रही एक इनोवा गाड़ी इस कार से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्विफ्ट और इनोवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इनोवा गाड़ी में चार लोग सवार थे, जो कि दिल्ली जा रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर अपऊरा तफरी सी मच गई। लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ी में सवार लोगों को बाहर निकाला। हालांकि इस हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई थी। इनोवा के चालक को मामूली खरोंच आई, जिसको मौके पर ही प्राथमिक चिकित्सा दे दी गई। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि गुरमीत की गाड़ी के आगे चल रही कार के सामने अचानक एक बाइक आ गई। उसको बचाने के चक्कर में कार चालक ने ब्रेक लगा दिए और इस कारण हादसा हो गया। इनोवा सवार व्रतेश ने बताया है कि वह टैक्सी में अपने चार दोस्तों के साथ चंडीगढ़ से अपने घर दिल्ली लौट रहा था और अचानक कार उनकी गाड़ी के सामने आई और हादसा हो गया। ड्राइवर को मामूली चोटें आई है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन आई थी। इआरवी की गाड़ी मौके पर पहुंची और रास्ते को बहाल करवाया। इसके बाद घरौंडा पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में करवाया। जांच अधिकारी बंसी लाल ने बताया कि हाइवे पर तीन गाडियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## त्यागी ब्राह्मण महासभा ने की सांसद से समस्याओं के समाधान की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर शनिवार** को त्यागी ब्राह्मण महासभा गन्नौर के प्रधान महाबीर शर्मा बजाना ने सांसद रमेश चंद्र कौशिक से मिलकर समाज की कुछ मांग रखते हुए समाधान की मांग की। शर्मा ने सांसद को भगवान परशुराम की मूर्ति और पटका पहना कर स्वागत किया। सांसद ने समाज के लिए हर संभव प्रयास व कौशिश करने का आश्वाशन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### वर्तमान सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर: संजय भाटिया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सांसद संजय भाटिया ने कहा कि वर्तमान सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और समस्याओं के निवारण के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रत्येक जन प्रतिनिधि जनता के बीच जाकर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुन रहा है। सांसद शनिवार को प्रेम नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे।

सांसद ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण ही सरकार की विश्वसनियता को कायम रखता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज आमजन मानस की सुनवाई निर्धारित समय में हो रही है। सरकार ने सीएम विंडो के माध्यम से तय समय में जनता की सुनवाई करने का मैकेनिज्म विकसित किया है। मुख्यमंत्री स्वयं जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर रहते हैं और सीएम विंडो पर मिलने वाली शिकायतों की निरंतर समीक्षा करते हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर भी तुरंत संज्ञान लेते हैं। आज जनता के पास अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए अनेक विकल्प हैं। सीएम हर जिले में जाकर जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं और मौके पर ही जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है। सांसद ने कहा कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से प्रेरित होकर आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं। सांसद ने जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान डबरी के सरपंच सुरेश कुमार को सर्व सम्मति से पंचायत का चुनाव करवाने के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि सरकार की घोषणा के अनुसार सर्व सम्मति से बनने वाली पंचायत को मिलने वाले 10 लाख रुपये की राशि जल्द ही ग्राम पंचायत को मुहैया करवा दी जाएगी। इस मौके पर चौपाल का कार्य पूर्ण करवाने के लिए सालवन से आए ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों को सांसद ने कहा कि सामूहिक कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है, समाज को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को गांव सालवन में आयोजित कार्यक्रम उपरांत वे स्वयं ब्राह्मण समाज की चौपाल का निरीक्षण करेंगे और मौके पर ही समाज के लोगों से बात करेंगे। जन सुनवाई के दौरान गांव गढ़ी बीरबल से जंगशेर पांचाल की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से लड़कियों के लिए गढ़ी बीरबल से करनाल तक बस सेवा की मांग की जिसका सांसद ने अधिकारियों पर निर्देश देते हुए जल्द ही बस सेवा शुरू करवाने के लिए कहा।

### हजारों ईट भट्टा पर बनाई गई बिना पक्की कच्ची ईटों का भारी नुकसान हुआ है: जागलान



**पानीपत:** बढ़ती ग्लोबल वॉर्मिंग और बेमोसमी बरसात ने जहां किसानों को नुकसान पहुंचाया है वही हरियाणा के ईट भट्टा मालिकों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है
पानीपत ब्रिक किल्न एसोसिएशन के प्रधान खुशीराम जागलान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हाल की वर्षा से पानीपत के 80/ भट्टा पर ही नहीं प्रदेश के हजारों ईट भट्टा पर बनाई गई बिना पक्की कच्ची ईंटों का भारी नुकसान हुआ है। इस अवसर पर पानीपत ब्रिक किलन एसोसिएशन मतलौड़ा के प्रधान राजेंद्र जागलान ने बताया कि इस बार सुप्रीम कोर्ट ने 1 मार्च से भट्टा चलाने की स्वीकृति प्रदान की थी समय की कमी के दृष्टिगत सभी भट्टा पर ईट निर्माण का कार्य तेजी से किया गया। लेकिन लगभग 7 दिनों तक चली बेमोसमी वर्षा के कारण सभी कच्ची ईंट खराब हो गई हैं उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण भट्टा मालिकों को कच्ची ईंट भी 2500 प्रति हजार पड़ती हैं। इस नुकसान की भरपाई होना निकट भविष्य में दिखाई नहीं देता ।

### हर्बल बॉटनिकल गार्डन में गूलर का पौधारोपित किया

**पानीपत:** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन के नाम से विख्यात सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपनी सर्विस के 11 साल पूर्ण होने पर प्राचार्या मैडम संजू अबरोल, डॉ तकदीर सिंह, अनिल माली,नवनीत कुमार व इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से हर्बल बॉटनिकल गार्डन में गूलर का पौधारोपित किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि अपने विशेष दिनों पर पौधारोपित करने की मुहिम उन्होंने राजकीय महाविद्यालय इसराना से आरम्भ की थी जी की आज भी लगातार जारी है। उन्होंने आगे कहा कि यदि पर्यावरण को बचाना है तो हम सब को जीवन के हर एक अवसर पर पौधे रोपित करके उनका संरक्षण करना पड़ेगा व साथ ही छोटे बच्चों, युवाओं तथा बुजुर्गों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना पड़ेगा। प्राचार्या मैडम संजू अबरोल ने सहायक प्रोफेसर दलजीत को उनके महाविद्यालय सेवा में 11साल पूर्ण होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि हम सब को पर्यावरण संरक्षण के कार्यो के लिए ग्रीनमैन दलजीत कुमार से सिख लेने की जरूरत है।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आओ अपने खास दिनों को पौधारोपित करके ओर अधिक खास बनाए क्योंकि जब ये पौधे भविष्य में पेड़ बनेंगे तो अन्य लोगो को ऑक्सीजन, पक्षियों को आश्रय देंगे तो हमे भी सुनहरी यादें देंगे।इसके साथ ही पौधे लगाओ जीवन के साथ भी ऑक्सीजन देंगे व बाद में लोगो के मुख से नाम देंगे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

## सांसद ने 168 दिव्यांगजनों को स्वचालित तिपहिया साइकिल का किया वितरण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर योजना के अन्तर्गत एलिम्को द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर दिव्यांगजन हेतु करनाल, पानीपत, सोनीपत में लगाए गए परीक्षण शिविरों के उपरान्त शनिवार को आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत में चिन्हित दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस शिविर में करनाल पानीपत तथा सोनीपत के दिव्यांग जनों के लिए स्वचालित तिपहिया साइकिल का वितरण किया गया।

## रक्त सड़क पर नहीं, शिराओं में बहना चाहिए: डा. अशोक

### स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की जयंती पर लगाया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया कल्पना** चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के रक्त कोष में 155 बार रक्तदान और 72 बार प्लेटलेट्स दे चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 443वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सहायक सचिव दविंदर सचदेवा और 70 बार रक्तदान कर चुके सुशील कमांडो कतलाहेड़ी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में दविन्द्र सचदेवा ने कहा कि डॉ. अशोक कुमार वर्मा समाज और



राष्ट्र की सेवा को समर्पित हैं। सुशिल कमांडो कतलाहेड़ी ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा पुण्य का कोई अन्य कार्य नहीं है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे रक्तदाताओं का अभिनन्दन किया और सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र

**8 सुशिल कमांडो कतलाहेड़ी ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा पुण्य का कोई अन्य कार्य नहीं है**

सचदेवा को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन इतिहास में भी बहुत महत्वपूर्ण है। आज के दिन भारतीय गांधीवादी और स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता का जन्म हुआ था। आज का शिविर उनको समर्पित है। उन्होंने आगे कहा कि रक्त सडकों पर नहीं बहना चाहिए, अपितु यह मनुष्य की शिराओं में बहना चाहिए।

## वज्रासन सभी उम्र के लोगों के लिए लाभकारी: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत जेबीबी सोसाइटी सेक्टर-35 में शुरू की गई योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने मौजूद साधकों को योगाभ्यास करवाया। बहुत से नए साधक जुडकर रुचि और उत्साह के साथ योग क्रियाएं कर रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने बताया कि नियमित रूप से योग करने से पुराने से पुराने कमर दर्द से राहत मिलती है। योग हमारी हड्डियों और जोड़ो को लचीला बनाए रखता है। यह खराब कोलेस्ट्रोल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। योग हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। इस दौरान उन्होंने वज्रासन करवाते हुए उसके लाभों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वज्रासन सभी उम्र के लोगों के लिए लाभकारी हो सकता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के साथ



कई प्रकार के रोगों से हमें सुरक्षित रखने में इस योग के अभ्यास की आदत फायदेमंद है। वज्रासन पाचन तंत्र को लाभ पहुंचाने के साथ शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने और हृदय, लिवर के कार्य में सुधार करने में काफी सहायक है। यह मन को शांत और स्थिर रखता है और यदि इसका नियमित अभ्यास किया जाए तो मानसिक स्वास्थ्य में विशेष लाभ पाया जा सकता है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खाना खाने के पश्चात वज्रासन में बैठना लाभकारी है और केवल यही आसन है जो हम भोजन करने के पश्चात कर सकते हैं अन्यथा हर प्रकार के आसन में भोजन में कम से कम 4 घंटे का अंतराल आवश्यक है। मौजूद साधकों ने बताया कि यहां पर योग चलने से वे योग का लाभ लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

## राजकीय स्कूल कैलाना की छात्रा का टैबलेट व मोबाइल फोन चोरी,

**गन्नौर**
**कैलाना** गांव के राजकीय स्कूल की छात्रा को स्कूल से पढ़ाई करने के लिए मिला टैबलेट व मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी की सूचना के बाद परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद खुबड़ू झाल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत में आरोप है कि गांव के एक युवक पर चोरी करने का शक जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मोई गांव की है। मोई गांव के कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दहाड़ी मजदूरी करता है। कैलाना गांव स्थित राजकीय स्कूल से बेटी को पढ़ाई करने के लिए टैबलेट मिला हुआ था। वार्षिक परीक्षा होने के बाद अब पढ़ाई के बाद उसे टैबलेट वापस स्कूल में जमा करवाना था। उसके बाद घर से टैबलेट व एक मोबाइल फोन चोरी हो गया। शिकायत में आरोप

## जनवादी महिला समिति ने मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ खोला मोर्चा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल में मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ जनवादी महिला समिति ने मोर्चा खोल दिया है। जनवादी महिला समिति की यहां हुई बैठक में जिला सचिव जरासो शर्मा ने कहा कि मंत्री संदीप सिंह को बर्खास्त व गिरफ्तारी किए जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अब तक 30 हजार से अधिक महिलाओं के हस्ताक्षर करवाए जा चुके हैं। करनाल जिले में करीब अढाई हजार हस्ताक्षर करवाएं जा चुके हैं। जनवादी महिला समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जल्द की इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो समिति आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होगी। जनवादी महिला समिति की पदाधिकारियों ने कहा कि उनके साथ कई अन्य संगठन न्याय संघर्ष समिति के बैनर तले पिछले तीन महीनों से हरियाणा भर में यौन उत्पीडन के आरोपी मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। गैर-जमानती धाराओं में एफआइआर दर्ज होने के 85 दिन बाद भी संदीप सिंह को न तो मंत्रिमंडल से हटाया गया है और न ही गिरफ्तारी हुई है।

## बाबा से बात करने पर नही रूकने पर तेजधार हथियार से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर गांव** पुगथला में रंजिश को लेकर एक युवक के सिर में चोट माकर गंभरा रूप से घायल करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पगुथला गांव के अमित 23 मार्च की शाम को मेरा बड़े भाई देवीलाल का पता चला कि वह सिर में चोट लगने के कारण जख्मी हालत गांव की बड़ वाली कुटिया मे पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर अपने भाई को खानपुर मेडीकल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए रोहतक मेडीकल में रैफर कर दिया। शिकायत में बताया कि उसके बाद पानीपत अस्पताल में ले जा रहा था तो रास्ते भाई देवीलाल ने बताया कि बड़ वाली कुटिया मे बाबा के साथ बातचीत कर रहा था तो वहीं पर गांव के रिन्कू ने हमारी बातचीत के बीच में रोका टोकी कर-के बाबा से बात करने के लिए मना किया। रिंकू ने अपनी बात नही मानने के कारण रंजिश में आकर पीछे से अज्ञात हथियार से मेरे सिर पर वार किया और भाग गया। रिंकू चोट लगने के कारण फिर जमीन पर गिर गया। फिलहाल मेरा भाई देवीलाल इलाज के दौरान बेहोश होने की वजह अपनी घटना बताने में असमर्थ है। आरोप है कि मेरे भाई से रंजिश रखते हुए जान से मारने की नियत से रिंकू ने चोट मारी है।

## 'जितने विकास कार्य भाजपा कार्यकाल में हुए हैं, इतने कभी भी नहीं हुए'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। विधायक** एवं वन विकास निगम के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर ने कहा कि नीलोखेड़ी हलका में वर्तमान हरियाणा सरकार के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य हुए हैं, इतने विकास कार्य कभी भी नहीं हुए। इसका श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव अभी काफी दूर हैं। इस अवधि के दौरान शेष बचे कार्यों को भी पूरा करवाने में वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

विधायक शनिवार को नीलोखेड़ी में स्थित यूनिक पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित नगरपालिकाओं के चेयरमैन व पार्षद, ब्लॉक समिति चेयरमैन व



सदस्य, सरपंच, पंच तथा हजारों कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने अपने चार साल का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से नीलोखेड़ी को उप मंडल का दर्जा मिला है। इसके अलावा नीलोखेड़ी में बस स्टैंड के लिए जमीन रोडवेज को ट्रांसफर हो चुकी है। निसिंग में बीडीपीओ आफिस खुल चुका है। तरावड़ी में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होने वाला है तथा पृथ्वीराज के किले की एनओसी मिल चुकी है। इसी प्रकार रेस्ट हाउस का 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है और निगदू में राजकीय महाविद्यालय तथा जांबा में आईटीआई खुलवाने की मांग प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि निगदू की सडक का सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल, रोमि सिंगला व सतनाम आहूजा, ब्लॉक समिति चेयरमैन गुरदेव सिंह डाचर, ब्लॉक समिति वाईस चेयरमैन प्रवीण सीधपुर, प्रवीण डाबरथला, जिला परिषद सदस्य रामफल बलदेव सिंह, मोहन शर्मा सरपंच गोंदर, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सरपंच हिसम सिंह जांबा, कृष्ण गीतापुर, शेर सिंह सांवत, लाल सिंह बड़साल, बाबा बलदेव रमाना, मनोज नाथ ललायनी, अंकित बड़थल मौजूद रहे।

## नव स्वर रागनी की स्वर लहरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के हर क्षण को बनाया यादगार

### नगराधीश अमन कुमार ने किया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभांरभ पद्म विभूषण से अलंकृत कलाकार सुभाष चंद्र घोष ने दी संगीत फ्यूजन की बेहतरीन प्रस्तुति

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पदम विभूषण से अंलकृत एवं संगीत के नए वाद्यय यंत्र नव स्वर रागनी की खोज करने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार सुभाष चंद्र घोष ने अपने वाद्य यंत्र नव स्वर रागनी के माध्यम से बजाई स्वर लहरियों से सांस्कृतिक कार्यक्रम के हर क्षण को यादगार बना दिया। इस प्रस्तुति ने सबको संगीत की लहरियों के साथ बाधने का काम किया। इस संगीत की प्रस्तुति को सुनकर सैंकडों विद्यार्थियों ने खड़े होकर कलाकारों का अभिवादन किया। अहम पहलु यह है कि ग्रामीण आंचल तक संगीत की विद्या और वाद्यय यंत्र को पहुंचाने के उद्देश्य से ही सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में करनाल के पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

नगराधीश अमन कुमार ने बताया कि पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार सुभाष चंद्र घोष के सांस्कृतिक कार्यक्रम का सरस्वती माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान नगराधीश अमन कुमार तथा कॉलेज की प्रिंसिपल डा. सरिता कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय कलाकार सुभाष चंद्र घोष को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

पद्म विभूषण से अलंकृत कलाकार सुभाष चंद्र घोष व उनके साथी सिद्धार्थ चटर्जी व सुरेश कुमार ने जैसे ही



नव स्वर रागनी की तरंगों को छेड़ा तो सभागार का माहौल संगीत की फिजा से महक उठा। इन कलाकारों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने स्वर लहरियों के माध्यम से याद किया और लगातार ढेड घंटा आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर आधारित धुनों के माध्यम से श्रोताओं को देश भक्ति के मोहपाश में बाधने का काम किया। इस कलाकार ने सबसे अंत में कभी अलविदा ना कहना की धुन से बेहतरीन और यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के साथ ही सभी श्रोताओं ने तालियां बजाई और कलाकारों की हौसला बढ़ाया। नगराधीश अमन कुमार ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंख्ला में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना एक अनुकरणीय कार्य किया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं को संगीत के बारे में जानने और सुनने का मौका मिलेगा। सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेल कूद की गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए तभी विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार सुभाष चंद्र घोष ने नव स्वर रागनी पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का काम किया है।

## संपादकीय

# नन्हे बच्चों को कुपोषण से बचाने की जरूरत

**बच्चे** देश के भविष्य होते हैं। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है' देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है' सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं' देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है' देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है' ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है' मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है' सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं' इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है' विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है' सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं' जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा' पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं' महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है' कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है' 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है।

# क्या चुनाव आयोग वायनाड सीट पर उपचुनाव करवा सकता है?

अशोक भाटिया

"रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा।परन्तु रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 8 (4) कहती है कि दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है"

**केरल** की वायनाड लोकसभा सीट से सदस्य रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद अब बड़ा सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग इस सीट पर जल्द ही उपचुनाव करवा सकता है? जानकारों का कहना है कि उपचुनाव की घोषणा से पहले चुनाव आयोग हर कानूनी पहलू को देखेगा और राहुल गांधी के अगले कदम पर भी आयोग की नजर रहेगी। राहुल गांधी की ओर से जल्द ही ऊपरी अदालत में अपील की जा सकती है। वहीं, चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार राहुल के अयोग्य घोषित होने के बाद वायनाड सीट पर उपचुनाव कराने से पहले तमाम पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार पहले से तय गाइडलाइंस के अनुरूप जो नियम हैं, उनके तहत आयोग कार्रवाई करेगा। नियम के अनुसार, खाली सीट को 6 महीने के अंदर भरना होता है। सूत्रों के अनुसार, इस बार आयोग कोई फैसला लेने से पहले तमाम कानूनी पहलुओं और घटनाक्रमों की समीक्षा करेगा। दरअसल, इसी साल आयोग अपने ही कुछ फैसलों से कानूनी अड़चनों में फंसा रहा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी कहते हैं कि तकनीकी तौर पर तो चुनाव आयोग उपचुनाव की घोषणा कर सकता है, लेकिन अभी आयोग को जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं करना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आयोग उपचुनाव की घोषणा कर देता है और राहुल गांधी को भी ऊपरी अदालत से दोषसिद्धि पर स्टे के रूप में राहत मिल जाती है तो फिर उपचुनाव पर भी स्टे हो जाएगा। अगर अदालत से सिर्फ सजा (2 साल) पर रोक या स्टे लगाया जाता है तो यह काफी नहीं है। वहीं अगर दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाती है तो फिर उपचुनाव नहीं हो सकेगा।पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कहते हैं कि उपचुनाव करवाने के लिए आयोग के पास छह महीने का समय होता है और ऐसा जरूरी नहीं है कि किसी सदस्य की सदस्यता जाने के कुछ दिनों के बाद ही उपचुनाव की घोषणा कर दी जाए। लक्षद्वीप के एक सांसद के मामले में केरल हाई कोर्ट का फैसला आयोग को ध्यान में होगा और अभी आयोग को हर पहलू पर ध्यान देने के बाद ही कोई फैसला लेना चाहिए। ऐसे में चुनाव आयोग को तमाम पक्षों पर विचार करने के बाद ही उपचुनाव को लेकर फैसला लेना चाहिए। यदि हम केवल नियम कि बात करें तो दरअसल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 151ए के तहत चुनाव आयोग को संसद और विधानसभाओं में खाली सीटों पर रिक्ती के



छह महीने के भीतर उपचुनाव करवाने का अधिकार है. हालांकि इसमें एक शर्त है कि नवनिर्वाचित सदस्य के लिए एक वर्ष या उससे अधिक का कार्यकाल बचा हो. यहां राहुल गांधी की अयोग्यता के बाद वायनाड सीट 23 मार्च को खाली हो गई थी, ऐसे में धारा 151ए के अनुसार चुनाव आयोग के लिए 22 सितंबर, 2023 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव कराना अनिवार्य है. यहां 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अभी एक साल से ज्यादा का समय बचा है, ऐसे उपचुनाव अनिवार्य हो जाता है, भले ही निर्वाचित सांसद को बेहद छोटा कार्यकाल मिले. सांसद और विधायक कई मामलों में अदालत से दोषी और सजा पाने के बाद अपनी सदस्यता खो देते हैं और सजा की अवधि पूरी करने के बाद 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के अयोग्य भी होते हैं। सवाल उठता है कि क्या सिर्फ 2 साल से अधिक सजा पाए जाने के बाद ही सांसद और विधायक की सदस्यता खत्म होती है और वो 6 साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाते है? ऐसा नहीं है, दरअसल कुछ मामलों में सिर्फ दोषी पाए जाने और फाइन देकर छूट जाने के बाद भी सांसद और विधायक की सदस्यता खत्म हो जाती है। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 8 में दोषी नेताओं, सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने से रोकने का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 8(1) के अंतर्गत प्रावधान है कि यदि कोई विधायिका सदस्य सांसद अथवा विधायक बलात्कार, अस्पृश्यता, विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के उल्लंघन; धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर शत्रुता पैदा करना, भारतीय संविधान का अपमान करना, प्रतिबंधित वस्तुओं का आयात या निर्यात करना, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना जैसे अपराधों में लिप्त होता है, तो उसे इस धारा के अंतर्गत अयोग्य माना जाएगा और कोर्ट की तरफ से सिर्फ हजार्ना और जेल की सजा होने पर वो अपनी सांसद और विधायक की सदस्यता को खो देगा और 6 वर्ष की अवधि के लिये चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। इस अधिनियम की धारा 8 (2) में प्रावधान है की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावटखोरी और दहेज से जुड़े मामले में 6 महीने से अधिक की सजा पाता है तो वो अपनी विधायक और सांसद की सदस्यता खो देगा और सजा पूरी करने के बाद 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के अयोग्य रहेगा। रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा।परन्तु रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 8 (4) कहती है कि दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। इसी साल जनवरी में लक्षद्वीप के पूर्व सांसद फैजल को हत्या के प्रयास के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद आयोग ने तुरंत उपचुनाव की घोषणा की। हालांकि केरल हाई कोर्ट ने लक्षद्वीप के पूर्व सांसद मोहम्मद फैजल की सजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद आयोग को अपनी अधिसूचना वापस लेनी पड़ी। हालांकि यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि केरल हाईकोर्ट से मिली राहत के बाद फैजल की लोकसभा सदस्यता भले ही दोबारा बहाल हो गई, लेकिन वह सदन की कार्यवाही में अब भी हिस्सा नहीं ले सकते. ऐसे ही एक अन्य मामले में आयोग को सुप्रीम कोर्ट से कड़ी टिप्पणी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार आयोग चुनाव उपचुनाव की घोषणा करने से पहले इन पहुलओं को ध्यान में रखेगा। आयोग नहीं चाहेगा कि एक बार उपचुनाव की घोषणा के बाद नोटिफिकेशन वापस लेना पड़े। आयोग के सूत्रों के अनुसार अगले कुछ दिनों में इस केस में और स्पष्टता आ जाएगी जिसके बाद कुछ फैसला लिया जा सकता है। जुलाई 2013 में लिली थॉमस ५२ यूनियन ऑफ इंडिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (4) के तहत मिली छूट को असंवैधानिक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सांसद या विधायक दोषी करार दिए जाते हैं और उन्हें 2 साल या इससे ज्यादा साल की सजा सुनाई, तो दोषी करार होते ही उनकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी।हालांकि इस प्रक्रिया को पूरा करने में लोकसभा सचिवालय को कुछ समय लग सकता है।सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के हिसाब से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खतरे में है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि उन्हें अब तभी राहत मिल सकती है जब ऊंची अदालत दोषसिद्धी पर रोक लगा दे। सिर्फ सजा पर ही रोक लगाना काफी नहीं होगा।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का कहना हैं कि लोकसभा स्पीकर को राहुल को अयोग्य घोषित करने की शिकायत मिलती है तो लोकसभा सचिवालय एक या दो दिन में चुनाव आयोग को बता सकता है कि केरल की वायनाड सीट अब खाली हो गई है और चुनाव कराओ। या फिर राहुल को अपील कोर्ट से राहत मिल जाए यानी उनकी दोषसिद्धी पर रोक लगा दी जाए। बताया जाता है कि अब राहुल को सिर्फ सजा के खिलाफ अपील दायर करने से ही राहत नहीं मिलेगी, बल्कि सजायाफ्ता सांसद को ट्रायल कोर्ट की तरफ से दोषसिद्धि के खिलाफ अपील कोर्ट स्पेसिफिक स्टे ऑर्डर दे। यानी सजा पर रोक नहीं बल्कि दोषसिद्धि पर ही रोक लगा दे तब राहुल की संसद सदस्यता जाने से बच सकती है।

## कविता

मीठा विश्वास है झूठे वायदे का
यह लेनदेन है बहुत फायदे का

वह धंधा करता है मुखौटों का
कारोबार है बहुत फायदे का

सच के बीच भी लोग फरेब करते हैं
यह चलन भी है बहुत कायदे का

यहां कौन सच्चा है कौन झूठा है।।
काम निकालते डराकर सबूत कायदे का ।।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े अकूत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव।
फरेबी फायदे ले जाते हैं साबुत
कायदे का।।

संजीव ठाकुर

# स्मार्टफोन कैसे बने ग्लोबल स्टेटस सिंबल

विजय गर्ग

**आज,** अन्य सभी के ऊपर एक उपभोक्ता उत्पाद का उपयोग हमारी सामाजिक स्थिति - स्मार्टफोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। यदि आप किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व, नौकरी या आय पर बिजली की तेजी से निर्णय लेना चाहते हैं, तो कोई बेहतर संकेतक नहीं है। एक 'स्टेटस सिंबल' कोई भी वस्तु है जिसका उपयोग हम अपने आसपास के लोगों के लिए अपनी सामाजिक स्थिति और आर्थिक सफलता को प्रसारित करने के लिए करते हैं। फिलहाल, इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्मार्टफोन अब तक बनाए गए सबसे शक्तिशाली स्थिति संकेतकों में से एक हैं। लेकिन चीजें हमेशा से ऐसी नहीं रही हैं। लक्जरी उत्पादों का इतिहास सदियों पुराना है, और स्मार्टफोन किसी भी तरह से सार्वभौमिक स्थिति प्रतीक की भूमिका ग्रहण करने वाली पहली तकनीक नहीं है। कैसे स्मार्टफोन सामाजिक प्रतिष्ठा के निशान के रूप में इतना प्रभावी हो गया। ऐसा करने के लिए, हम विशिष्ट उपभोग तकनीक के इतिहास को शीघ्रता से दोहराएंगे, और यह भी जांच करेंगे कि जितना अधिक प्रभाव प्राप्त करने वाला अगला गैजेट कैसा दिख सकता है। स्थिति उत्पाद का एक त्वरित इतिहास उपभोक्तावाद सैकड़ों वर्षों से सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। लक्जरी या महंगे उत्पादों का मालिक होना आपके धन को प्रदर्शित करने का एक सुविधाजनक तरीका है - यह दशार्ता है कि आपके पास महत्वपूर्ण क्रय शक्ति है और उपलब्ध सर्वोत्तम सामान खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। प्रत्येक समाज में धनी लोगों ने अपनी आर्थिक शक्ति का प्रयोग अधिक महँगी वस्तुएँ खरीदने के लिए किया है। हालांकि, यह 19वीं शताब्दी तक नहीं था कि लोगों को पहली बार अपनी समृद्धि का प्रदर्शन करने के लिए अधिक सामान खरीदने के रूप में प्रलेखित किया गया था। इस तरह के व्यवहार का नाम 'विशिष्ट उपभोग' है, यह शब्द 1899 में एक प्रभावशाली अर्थशास्त्री द्वारा खोजा गया था। सबसे पहले, विशिष्ट खपत में बुनियादी सामान शामिल थे। उपभोक्ता यह दिखाने के लिए जरूरत से ज्यादा खरीद लेंगे कि उनके पास पैसा बचा है। लेकिन जैसे-जैसे सामाजिक वर्गों के बीच आना-जाना आसान होता गया, विशिष्ट उपभोग में बदलाव आया। लोगों ने ऐसे लक्जरी उत्पादों की तलाश शुरू कर दी, जिनकी पहचान उच्च वर्गों से की जाती थी, जैसे कि ब्रांड नाम के कपड़े और आयातित आभूषण। ये पहले 'स्टेटस सिंबल' उत्पाद थे। द फर्स्ट टेक आइकॉन विलासिता के सामान लगातार बदल रहे हैं और शुरू में, एक स्थिति प्रतीक की परिभाषा स्थानीय संस्कृति और स्वाद पर बहुत अधिक निर्भर थी। लेकिन, वैश्विक व्यापार में वृद्धि के साथ, यह सब बदल गया क्योंकि दुनिया भर के उपभोक्ताओं को समान उत्पादों तक पहुंच प्राप्त हुई। कारों जैसी बड़ी टिकट वाली वस्तुएं और बाद में, टीवी और वीसीआर प्लेयर्स जैसी प्रौद्योगिकियां 20वीं शताब्दी के विश्वव्यापी स्थिति उत्पादों में सबसे प्रभावशाली बन गईं। स्मार्टफोन के युग से पहले, अन्य पोर्टेबल उपभोक्ता उत्पाद जैसे व्यक्तिगत डिजिटल सहायक (पीडीए) परम तकनीकी स्थिति प्रतीक थे।

## विचार

# सदैव वात्सल्य बरसाने वाली नवदुर्गा की पंचम शक्ति स्कन्दमाता

अशोक 'प्रवृद्ध'

**सम्पूर्ण** जगत की भलाई व देवताओं के कल्याण हेतु माता दुर्गा नवरात्रि में नवरूपों में प्रकट हुई, जिसमें स्कन्दमाता स्वरूप की उत्पत्ति नवरात्रि के ठीक पांचवे दिन भक्त जनों के हित के लिए होती है। भारतीय मान्यताओं में देवी -देवताओं को न केवल माता-पिता की संज्ञा प्राप्त है, बल्कि उन्हें भक्त वत्सल भी कहा गया है। अर्थात देवता संसार के प्राणियों के लालन-पालन हेतु उसी प्रकार सक्रिय रहते हैं, जैसे कोई माता-पिता अपनी संतान के प्रति सदैव सक्रिय रहते हैं। इसी प्रकार दुर्गा का स्कन्दमाता स्वरूप भक्तों पर वात्सल्य को बरसाने हेतु सदैव तत्पर रहती हैं और उनके दुःखों को भगाती हैं। भक्ति से इनके प्रति समर्पित होने वाले व्यक्ति को यह तत्काल फल को देने वाली होती हैं। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवती की शक्ति से उत्पन्न हुए सनत्कुमार का नाम स्कन्द है, जिसे कार्तिकेय के नाम से पुराणों में संज्ञायित किया गया है। कुमार कार्तिकेय को पुरातन ग्रन्थों में सनत-कुमार, स्कन्द कुमार के नाम से भी संज्ञायित किया गया है। देव सेना के सेनापति स्कन्द की माता होने से भगवती की पांचवीं स्वरूप स्कन्दमाता कहलाती है। स्कन्द अर्थात भगवान कार्तिकेय को दक्षिण भारत में भगवान मुरुगन भी कहा जाता है। भगवान मुरुगन की महिमा पुराणों में गाई गई है और उन्हें कुमार और शक्तिधर कहा जाता है। उनके वाहन मोर होने के कारण उन्हें मयूरवाहना भी कहा जाता है। भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय भगवान गणेश के भाई के रूप में भी जाने जाते हैं। भगवती की पांचवीं स्वरूप देवी स्कंदमाता शेर की सवारी करती हैं। इनका वाहन शेर अर्थात सिंह पराक्रम वीरता का प्रतीक है। भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय माता की गोद में बैठें हैं। देवी स्कंदमाता को चार हाथों से चित्रित किया गया है। माता के दो हाथों में कमल का फूल है। माता के दाहिने हाथ में बाल मुरुगन बैठें हैं, और दूसरा दाया हाथ अभय मुद्रा में रहता है। माता कमल के फूल पर भी बैठती हैं, माता के उस रूप को देवी पद्मासना के नाम से जाना जाता है। यह पद्म, पुष्प, वरमुद्रा से युक्त हैं । अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली मां स्कन्दमाता को माहेश्वरी व गौरी के नाम से भी जाना जाता है ।महादेव शिव की वामिनी अर्थात पत्नी होने के कारण इन्हें माहेश्वरी भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यतानुसार श्री माँ दुर्गा के पंचम स्वरूप अर्थात विग्रह के रूप में प्रसिद्ध स्कन्दमाता की पूजा अर्चना नवरात्रि के पांचवे दिन में होती है। भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली स्कन्द माता के इस स्वरूप की अर्चना से दाम्पत्य जीवन के आंगन में वात्सल्य की प्राप्ति होती है , अर्थात संतान की कामना को पूर्ण करने वाली होती हैं। व्यक्ति की बुद्धि निर्मल व चित्त प्रसन्न होता है। घर परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने की शक्ति प्राप्त होती है। यही कारण है कि भक्तों के द्वारा बड़े विश्वास के साथ स्थापित देवी-देवताओं की पूजा करते हुए स्कन्दमाता की पूजा शुद्ध जल, तीर्थ के जल, गंधाक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य सहित सम्पूर्ण पूजन की सामाग्री एकत्रित करके नित्यादि क्रियाओं से निवृत्त होकर शुद्धता पूर्वक करने की परिपाटी है। भक्तों के कल्याण हेतु अति तेजस्वी रूप में दिखाई देने वाली स्कन्दमाता का दर्शन अति कल्याण प्रद है जो धन, धान्य व संतान को देने वाला है। माता के चरित्र व कथानक का बड़ा ही सुन्दर वर्णन दुर्गासप्तशती में अंकित करते हुए कहा गया है कि स्कन्दमाता को सभी प्राणियों की पीड़ा को हरने वाली , सब में व्याप्त रहने वाली कहा गया है। इनकी कृपा से सम्पूर्ण अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति होती है। माँ ही संसार को उत्पन्न करने वाली तथा उन पर वात्सल्य वरसाने वाली है। कठिन परिस्थितियों में भी यह संसार का कल्याण करना नही भूलती है। सदा अभय प्रदान करने वाली हैं ।स्कन्द माता जिन पर प्रसन्न रहती है, वे ही देश मे सम्मानित होते हैं, उन्हीं को धन, यश और बैभव की प्राप्ति होती है, उन्हीं का धर्म कभी शिथिल नहीं होता तथा वे ही अपने हृष्ट-पुष्ट स्त्री, पुत्र और भृत्यों के साथ धन्य माने जाते हैं। देवी आपकी कृपा से ही पुण्यात्मा पुरूष प्रतिदिन अत्यन्त श्रद्धापूर्वक सदा सब प्रकार के धमार्नुकूल कर्म करता हुआ स्वर्ग लोक को प्राप्त करता है । इसलिए आप तीनों लोकों में निश्यच ही मनोवांछित फल देने वाली है। माँ दुर्गे आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती हैं और स्वस्थ पुरूषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# लड़किया लीडर बनेगी तभी उनकी दुनिया बदलेगी

प्रियंका सौरभ

**आज** दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी। लड़कियों और युवा महिलाओं की सबसे बड़ी पीढ़ियों में से एक भारत ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक पहल की है। भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, नेतृत्व निर्माण प्रदान करता है, और सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है, जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। आज देश में लैंगिक अंतर चौड़ा हो गया है और विशेष रूप से राजनीतिक सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी और अवसर में लैंगिक समानता कम है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम भुगतान किया जाता है, कुछ शोधों से पता चलता है कि समान योग्यता वाले समान नौकरियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग वेतन अंतर 34% तक है। श्रम बल की भागीदारी देखे तो 2020 तक, भारत में दक्षिण एशियाई देशों में महिला श्रम बल की भागीदारी दर सबसे कम है, पाँच में से चार महिलाएँ न तो काम कर रही हैं और न ही नौकरी की तलाश में हैं। ऑक्सफैम के अनुसार, अप्रैल 2020 में भारत में 17 मिलियन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी, उनकी बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई। महिलाओं के लिए आज भी काम के कम अवसर है, लॉकडाउन चरणों के दौरान महिलाओं को अपनी नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई। असमान घरेलू जिम्मेदारी: इसके संभावित कारणों में घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ शामिल है, जिसे आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है, न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है, जिसके लिए उनके स्कूल बंद होते हैं।

# अजब पड़ोसी की गजब त्रासदी

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** दिन पड़ोसी से मेरा झगड़ा हो गया। न जाने उसके सिर पर कौन सा भूत सवार रहता है जो चौबीसों घंटे हमारी निगरानी करता रहता है। समझ नहीं आता कि पड़ोसी है या रूस का राष्ट्रपति पुतिन। यह दुनिया भी बड़ी गजब है। अपना छोड़कर सब का हिसाब किताब चाहिए होता है। कब, कौन, कहाँ, क्यों, कैसे और किस काम के लिए पड़ोस के घर आया है यही पता लगाने में लोग घर-घर ब्योमकेश बक्शी बनते जा रहे हैं। इन्हीं के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है। हां तो मैं आपको बता रहा था कि पड़ोसी से मेरी कहा-सुनी हो गई। मामला हाथापाई से होते हुए थाने तक पहुंच गया। थाना तो थाना है साहब! बड़ी गजब की जगह है। कुछ के अनुभवों को रेखांकित किया जाए तो थाना जाने की जगह श्मशान जाना सबसे बेहतर होता है। श्मशान इसलिए कि थाने में भी वही कुछ होता है जो श्मशान में होता है। अंतर केवल समय की मात्रा का होता है। जो काम श्मशान में जल्दी से होता है वही काम थाने में बड़े इत्मीनान के साथ किया जाता है। हम दो झगड़ालू अपने-अपने ढंग से हाथापाई की आपबीती भूतकाल के संजय की त्रह सुना रहे थे। पुलिस बाबू ने एक लंबी सी जम्हाई ली जिसमें बीस-तीस मक्खी आसानी से घूम-फिर सकते थे। किंतु थाने की मक्खियां आम लोगों से ज्यादा समझदार होती है। वे पुलिस के इर्द-गिर्द मंडराकर अपनी मौत को दावत देने से साफ-साफ बचती हैं। उन्हें पूरा यकीन है कि पुलिस आरोपी के न मिलने पर कहीं इन्हीं के नाम पर बिल न फाड़ दे। पुलिस बाबू ने कहा - तुम दोनों की हाथापाई में कोई दम नहीं है। न हाथ टूटा है न पैर। ऐसे कैसे मुंह उठाए चले आए। यह पुलिस थाना है पुलिस थाना! कोई कॉमेडी सर्कस नहीं। यहां मिनिमम रिपोर्ट हाथ पैर टूटने से दर्ज की जाती है। अब आगे तुम्हारी मर्जी। हम दोनों झगड़ालू अपनी जिद पर अड़े रहे। कुछ न कुछ करके एक-दूसरे को मजा चखाना चाहते थे। पुलिस बाबू हमारी मंशा भांप गए और बोले - जब तुम लोग इतनी जिद कर ही रहे हो तो तुम्हारी बात मान लेता हूं। लेकिन एक शर्त है कि दोनों अपना-अपना केस मजबूत करने के लिए बड़े-बड़े आरोप लगाएं। नहीं तो एक काम करो। हमारे यहां कुछ स्कीमें चल रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### राहुल गांधी की सदस्यता उनके अहंकार के कारण गई: डा. आर्य



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ राजबीर आर्य ने राहुल गांधी को संसद की सदस्यता के अयोग्य घोषित करने पर कहा है कि यह सब राहुल गांधी के अहंकार के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक में बंगलोर के पास कोलार में ओबीसी समाज और तेली समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। किसी एक व्यक्ति के गुनाह के कारण आप पूरे समाज को ही दोषी नहीं ठहरा सकते। डा. आर्य ने कहा कि पिछले चार वर्ष में राहुल गांधी के पास कोर्ट में माफी मांगने का प्रयाप्त समय था, परंतु राहुल गांधी अपने आप को संविधान से भी ऊपर समझते हैं और उन्होंने अपने वक्तव्य पर माफी नहीं मांगी जिस कारण न्यायाधीश ने उन्हें दो वर्ष की सजा सुनाई गई। यदि वे अपने आपत्तिजनक वक्तव्य पर माफी मांग लेते तो उन्हे कोर्ट द्वारा राहत मिल जाती। राहुल गांधी ने राफेल मामले में भी झूठ बोला था। चौकीदार चोर है वक्तव्य पर भी 23 अप्रैल, 2019 को राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी थी। डा. आर्य ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष राहुल गांधी की सदस्यता जाने पर जो कोहराम मचा रहा है वह केवल राजनीति लाभ लेने के लिए है क्योंकि विपक्षी नेताओं को भी बखूबी मालूम है कि नियमानुसार न्यायालय द्वारा दो वर्ष या इससे अधिक सजा होने पर तुरंत प्रभाव से किसी भी सदन का सदस्य अयोग्य हो जाता है। इसके साथ साथ डा. आर्य ने कहा कि कांग्रेस में एक से बढ़कर एक वकील हैं जो रात को भी सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खुलवा लेते हैं, परंतु हैरानी की बात यह है कि दो दिन बाद भी कांग्रेस का कोई भी वकील इस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में नहीं गया और सदस्यता खारिज होने दी। इससे लगता है कि कांग्रेस की यह सोची समझी नीति है, ताकि उन्हें जनता की सहानुभूति मिल सके क्योंकि भारत जोड़ों यात्रा में तो राहुल गांधी जनता को अपने साथ जोड़ नहीं पाए थे।

### मुसीबत बना कुट्टू का आटा: कुट्टू के आटे से बने पकवान खाने से युवक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत:** गांव अहमदपुर में रात को कुट्टू के आटे से बने पकवान खाने के बाद तड़के पिता-पुत्री की तबीयत बिगड़ गई। बेटी को दवा देने के बाद आराम हो गया, लेकिन पिता की तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो निजी अस्पताल में लाया गया। जहां हालात बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से नागरिक अस्पताल में भेजा तो मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

**अस्पताल में पिता की हो गई मौत:** गांव अहमदपुर निवासी विशाल ने बताया कि उनके पिता राजेश, मां आशा व बहन संजना ने नवरात्रि का व्रत रखा है। रात को तीनों ने कुट्टू के आटे से बने पकवान खाए थे। जिसके बाद शनिवार तडके करीब चार बजे उनके पिता व बहन की हालत बिगड़ गई। उनके पिता व बहन के हाथ पैर कापने लगे। साथ ही पेट में दर्द होने लगा। जिस पर उन्हें दवा दी गई तो बहन की हालत में सुधार हो गया। उनके पिता की हालत बिगड़ने लगी तो उन्हें सोनीपत के निजी अस्पताल में लेकर आए। जहां उनकी हालत ज्यादा बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां से उनके पिता को नागरिक अस्पताल में भेज दिया। नागरिक अस्पताल में पिता को मृत घोषित कर दिया। विशाल का कहना है कि उनके पिता की मौत कुट्टू के आटा से बने पकवान खाने से हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी मामले में जांच की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

चार दिन से सोनीपत में कुट्टू आटे के पकवान से बिगड़ रही लोगों की तबीयत: सोनीपत में कुट्टू के आटे के बने पकवान खाने से चार दिन से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है। 22 मार्च को एक परिवार के चार लोगों की तबीयत बिगड़ी थी। 23 मार्च सुबह तक करीब 300 लोग अस्पताल में पहुंचे थे। 24 मार्च को भी आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब ग्रामीण की मौत की जानकारी मिली है।

### कुट्टू के आटे की भेंट चढ़े राजेश के परिवार की आर्थिक सहायता की जाए: परिवार के एक सदस्य को नौकरी दें प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र गौतम ने कहा कि कुट्टू का आटा खाने से गांव अहमदपुर हुई एक युवक की मौत का जिम्मेदार प्रशासन है यह सोनीपत प्रशासन की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि दिवाली के अवसर पर मिठाई की दुकानों पर सैंपल भरे जाते है और नवरात्रि के समय पर जो चक्कियाँ ये आटा पीस कर भेज रही है उनसे सैम्पल क्यों नहीं भरे जाते। 200-300 लोगों के बीमार होने पर प्रशासन जागता है और खानापूर्ति कर शांत बैठ जाता है। चारो तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ है। राजेश अपने परिवार का एक मात्र सहारा थे।

# अधिकारियों के दिखावे पर भड़के जैन, समाधान के दिए निर्देश

**8 अधिकारियों को बुलाते हुए तत्काल सीवर खुलवाने के काम शुरू करवाया, गलियों से सीवर का गंदा पानी हटाकर लोगों को महामारी से बचाया जा सके**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सुंदर सांवरी** इलाके में सीवर पानी के गलियों के बहने और नगर पार्षद व आमजन द्वारा बार-बार नगर निगम अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं होने से नाराज मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन अधिकारियों के दिखावे पर भड़क उठे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को बुलाते हुए तत्काल सीवर खुलवाने के काम शुरू करवाया, ताकि गलियों से सीवर का गंदा पानी हटाकर लोगों को महामारी से बचाया जा सके। शनिवार को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन से नगर पार्षद हरिप्रकाश सैनी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बीते पांच दिन से सुंदर सांवरी इलाके में सीवर व्यवस्था ठप्प होने से गलियों में सीवर का गंदा पानी बह रहा है। इससे आमजन को दुर्गंध के चलते आवागमन व महामारी फैलने का खतरा मंडराने लगा है। इसके लिए उन्होंने बार-बार निगम अधिकारियों को बिगड़ती स्तिथि से अवगत करवाते हुए इसके समाधान के लिए अनुरोध किया। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण हजारों लोगों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी तो मौके पर पहुंचते हैं और काम करने भर का दिखावा करके वहां से निकल जाते हैं, जिससे स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है। सीवर का पानी ओवरफलो होने से पीने का पानी भी काला आ रहा है और बेमौसमी बारिश के कारण भी हालत खराब हो चले हैं। ऐसे हालात में बीमारियों का शिकार बस्ती वासी हो रहे हैं। सुंदर सांवरी क्षेत्र की ऐसी स्थिति और अधिकारियों की लापरवाही से नाराज मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन मौके पर पहुंचे और एसडीओ नरेंद्र सिंह व जेई परमिंदर कुमार को वहीं बुलवा लिया। उन्होंने अधीक्षक अभियंता अशोक रावत से भी फोन पर बात करते हुए पूरी स्थिति से अवगत करवाया और कहा कि जब तक बस्ती में पानी की समस्या का समाधान न हो जाए, तब तक बड़ी लाइन का काम बंद करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही सीवर की लाइन से बंधा हटवाकर बड़ी मोटर लगवाई और सीवर लाइनों को साफ करने को कहा। यही नहीं जेई परमिंदर कुमार की ड्यूटी लगाई गई कि जब तक काम पूरा न हो, वहां से न जाएं।

## धोखे से मकान बेचने पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**(मनीष कुमार)**
अंबाला में धोखाधड़ी से 12 लाख रुपए में मकान बेच दिया। यही नहीं, जालसाजी से मकान की रजिस्ट्री भी करा दी, यह नहीं बताया कि मकान पर लोन है। फाइनेंस कंपनी से जब जबरदस्ती मकान खाली कराया तो पीड़ितों को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अंबाला को शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। गांव तदंवाल (बराड़ा) निवासी रचना देवी व रितु ने बताया कि उन्होंने उनके गांव की महिला डिंपल से मकान खरीदा था। जिसकी रजिस्ट्री 3 जून 2020 को करा ली थी। उस दौरान डिंपल ने कहा था कि इस मकान पर किसी तरह का लोन नहीं है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें बाद में पता चला कि डिंपल ने झूठ बोलकर तथ्य छिपाए और धोखाधड़ी से मकान की रजिस्ट्री कराई। जिस कंपनी से आरोपी महिला ने लोन लिया हुआ था अब उस कंपनी से जबरदस्ती घर से बाहर निकाल दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने डिंपल से 12 लाख रुपए में मकान खरीदा था, लेकिन आरोपी ने रजिस्ट्री के वक्त लोन के बात उनसे छिपाए रखी।

## पानीपत ग्रामीण हलके के वार्ड 25 में काबड़ी रोड पर आप ने चलाया सदस्यता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** ग्रामीण हलके के वार्ड 25 में काबड़ी रोड पर आम आदमी पार्टी की केंद्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक, पूर्व जिला संगठन मंत्री राकेश चुघ एवं आप नेती संतोष शर्मा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड 25 की आसपास की कई कालोनियों के लोगों के सदस्यता फार्म भरे गये और उनको पार्टी का सदस्य बनाया गया। केंद्रीय परिषद के सदस्य सुखबीर मलिक ने कहा कि आप द्वारा हरियाणा प्रदेश में पूरे जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा



है। इस अभियान के तहत समस्त प्रदेश में आप द्वारा 10 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं राकेश चुघ ने कहा कि लोगों में आप का सदस्य बनने को लेकर भारी जोश एवं उत्साह है। प्रदेश की जनता भी हरियाणा में आप की सरकार बनाकर दिल्ली सरकार की तर्ज पर मूलभूत सुविधाएं पाना चाहती है। आप नेत्री संतोष शर्मा ने कहा कि कालोनियों में महिलाएं भी भारी संख्या में आप का सदस्य बन रही है।

## पंजाबी फुल लेंथ नाटक "जख्म लकीरां दे" का मंचन आज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी**
**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत आज जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी के सभागार में सांय 6:00 बजे फुल लेंथ पंजाबी नाटक "जख्म लकीरां दे" का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक हरियाणा कला परिषद (अंबाला मंडल) के सहयोग से कलाश्री रजिस्टर्ड एवं थेस्पियंस ग्रुप अंबाला के द्वारा किया जा रहा है । यह नाटक मशहूर रंगकर्मी अशोक लहरी द्वारा लिखित एवं निर्देशित है। नाटक की पटकथा 1947 के बंटवारे पर आधारित है।

## सुविधाओं से महरूम है हैंडलूम मार्किट: हैंडलूम व्यापारी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत में एसडी कालेज रोड मार्किट, गुरूनानक मार्किट, अमर भवन चौक मार्किट व पचरंगा बाजार मार्किट शहर की हैंडलूम की बढ़ी मार्किटें है और इन मार्किटों में 500 से भी ज्यादा हैंडलूम की दुकानों व शोरूम है। इन मार्किटों में हैंडलूम के उत्पाद खरीदने के लिये पानीपत व हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश से भारी संख्या में ग्राहक व थोक के हैंडलूम व्यापारी माल खरीदने के लिये आते है। लेकिन एसडी कालेज रोड मार्किट के शुरू होते ही जीटी रोड लिंक रोड की तरफ पिछले कई दिनों से पानी भरा हुआ है और इससे मार्किट में आने वाले ग्राहकों व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्किट की एंट्री पर पानी भरा होने से ग्राहक कम आ रहे है



और ग्राहकों के नहीं आने से दुकानदारों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं शनिवार को हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान एवं हैंडलूम व्यापारी राकेश चुघ, एसडी कालेज रोड मार्किट के प्रधान सुखदेव कालड़ा व सचिव तरूण नागपाल, व्यापारी गौतम दुआ व किशोर संदुजा आदि ने मार्किट में सडक पर भरे पानी के पास खड़े होकर रोष व्यक्त किया और नगर निगम व जिला प्रशासन से जल्द ही समाधान की मांग की है। हैंडलूम व्यापारियों ने कहा कि इस मार्किट से सालाना सैकड़ों करोड़ रूपए का राजस्व जीएसटी के रूप में सरकार को जाता है लेकिन मार्किट में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। मार्किट में बारिश के दौरान तो पिछले अनेकों सालों से लगातार पानी भरता है पर अब तो मार्किट का नाला ओवरफ्लो होकर पानी भर रहा है। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में साफ सफाई व नालों आदि की सफाई के नाम कई करोड रूपए हर माह खर्च किये जा रहे है पर हकीकत में कैसी सफाई हो रही है, यह शहर की जनता अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा कि एसडी कालेज रोड मार्किट से होकर ही दूसरी हैंडलूम मार्किटों को रास्ता जाता है। इसलिये सभी हैंडलूम व्यापारियों की मांग है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थाई समाधान किया जाये नहीं तो सरकार को करोड़ो का टैक्स देने वाले व्यापारियों को मजबूरन सडकों पर आना पड़ेगा।

## माता के जागरण में भजन गायकी पर मुग्ध हुए भक्त



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**शहर** की अग्रणी संस्था टाइगर कल्ब परिवार के तत्वाधान में नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के सम्मानित सदस्य भाई पंकज लखेरा के निवास पर महामाई के तीसरे नवरात्रि के उपलक्ष में जागरण का आयोजन किया गया जिसमे नारनौल के जाने माने गायक कलाकारों ने महामाई के भजनों से समा बांध दिया ।सभी भक्त जनों को नाचने पर मजबूर कर दिया ।नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया ने सभी कलाकारों का दिल से स्वागत किया और माता रानी के आए हुवे सभी का धन्यवाद किया की बारिश में इतनी बारी संख्या में पहुंचे और महामाई का आशीर्वाद लिया।

टाइगर कल्ब प्रधान डॉक्टर शिव कुमार ने यजमान को क्लब की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया ।वही पंकज लखेरा ने सभी का धन्यवाद करते हुवे कहा की इतनी बारिश होते हुवे भी आप अपना कीमती समय निकाल कर महामाई के जागरण में पहुंचे।

## वार्ड-14, 15 में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
वार्ड-14,15 में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ मिशन चौक से भगवान शिव मंदिर में मत्था टेककर किया। इसके बाद मिशन चौक, गुड़मंडी, काठ मंडी, कालूपुर चुंगी से खाटू श्याम मंदिर वार्ड-14 तक जनसंपर्क यात्रा निकाली गई। इसेक बाद वार्ड-14 में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद सूर्या दहिया, वार्ड-15 से नरेंद्र गोयल, प्रदीप गोयल, राजू, विजय मितलविशेष रूप से मौजूद रहे। हाथ से हाथ जोड़ो में चल रहे जनसैलाब का विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित



करते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुन: दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुन: बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा किया जाएगा। बैक्वर्ड क्लास की क्रीमी लेयर 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाएगी। कांग्रेस राज के समय बनाई गई पुनानी खेल नीति को दोबारा बहाल किया जाएगा। ठप्प पड़े विकास कार्यों को पुन: बहाल किया जाएगा। इस दौरान यात्रा के कार्डिनेटर सुरेश योगी, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सदस्य एचपीएससी, प्रेम अत्री, पूर्व प्रधान, गौड़ संस्था, सुरेश तुषिर पूर्व वाइस चेयरमैन, अशोक सरोहा, भलेराम जांगड़ा, कमल हसीजा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैयर, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद संजय बड़वासनी, प्रेम नारायण गुप्ता, रणदीप दहिया, महिला जिलाध्यक्ष नीलम बाल्याण, शहरी अध्यक्ष राजेश चौधरी, कमला मलिक, संतोष गुलिया, सन्तोष कादयान, अनमोल राणा, युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार, रवि दहिया, सुरेश भारद्वाज, सतीश ढाकरान, एडवोकेट मनीष सैनी, पवन प्रधान, भगत सिंह दहिया, पूर्व पार्षद संजय, ऋतुराज प्रधान, डॉ राकेश, बिन्नी भारद्वाज, प्रिंस सरोहा, हामिद, राजेश दहिया मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में शहजादपुर के प्रदीप व संदीप की मौत

**8 दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर नारायणगढ़ सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस के लिए अस्पताल पहुचाया**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला के शहजादपुर क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा शहजादपुर पुराने बस स्टैंड के पास रात 12 बजे हुआ। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर नारायणगढ़ सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस के लिए सिविल अस्पताल पहुचाया, जहां आज डाक्टरों की द्वारा शवों का पोस्टमार्टम करवा शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए। मृतकों की पहचान शहजादपुर निवासी 22 वर्षीय प्रदीप कुमार और 23 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में हुई है। मामले की जांच कर रहे हेडकास्टेबल रामचंद्र ने बताया कि आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। युवकों की बाइक को किस वाहन ने टक्कर मारी है उसकी तलाश में भी जुटी हुई है। वाहन चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## प्रतिबंधित चीनी मांझा की फैक्ट्री पकड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुंडली स्थिति औद्योगिक क्षेत्र मे प्रतिबंधित चाइनीज मांजा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। फैक्ट्री से दिल्ली सहित आसपास के राज्यों मे मांजा सप्लाई किया जा रहा था। एक दिन पहले ही दिल्ली के स्वरूप नगर मे भी मांजा पकड़ा गया था। चालक से पूछताछ के आधार पर फैक्ट्री पकड़ मे आई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी है। दिल्ली पुलिस ने गाड़ी से मांजे से भरी 27 गत्ता पेटी बरामद कर चालक अंकित को गिरफ्तार किया था। अंकित से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर कुंडली क्षेत्र मे चल रही स्काई टैक्स नाम से चल रही फैक्ट्री तक पहुंची। फैक्ट्री बंद मिली, वहां मौजूद गार्ड राजू ने बताया कि यहा पर चीनी मांझा बनाने का काम होता है । फैक्ट्री मे काफी मात्रा मे चीनी मांझा बनाने का कच्चा माल व तैयार माल मौजूद है । दिल्ली पुलिस की टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को बुला कर आगामी कार्रवाई की। फिलहाल दिल्ली पुलिस के एएसआई राजेश की शिकायत पर कुंडली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**क्या कहते हैं नियम :** क्या है सजा का प्रावधान उड़ाने के लिए नायलॉन, प्लास्टिक और अन्य तरह के सिंथेटिक सामान से तैयार मांझों की बिक्री, उत्पादन, स्टोरेज, सप्लाई और उसे आयात करने पर पूरी तरह बैन लगाया गया है। इसके अलावा पतंग उड़ाने के लिए किसी भी तरह के शार्प मांझे जैसे- कांच, मेटल या अन्य शार्प चीजों से तैयार मांझों पर भी रोक लगाई गई है। पतंग उड़ाने के लिए लोग सूती मांझों का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन इन सूती मांझों में किसी तरह के शार्प मेटल, कांच, चिपचिपा पदार्थ, मांझों को सीधा रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सामान का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

# दिव्यांगजनों की सेवा करना है धरती पर सबसे बड़ी सेवा: संजय भाटिया

**पानीपत में इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से दिव्यांग जनों को वितरीत किये सहायक उपकरण**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत जिला प्रशासन और इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत शनिवार को दिव्यांग जनों के लिए आर्य कालेज के खेल मैदान में निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला पानीपत, करनाल और सोनीपत के दिव्यांग जनों को एलिमिको के उपक्रम द्वारा पूर्व में चयनित 296 लाभार्थियों को लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से 434 सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने सभी को संबोधित किया। जबकि सांसद संजय भाटिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। संजय भाटिया ने इस कार्य के लिए उपायुक्त सुशील सारवान और इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों की खुले मन से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों की सेवा धरती पर सबसे बड़ी सेवा है। जिस तरह से घर-घर जाकर दिव्यांग जनों को चिन्हित किया गया और इस कार्य में रिफाइनरी के अलावा रेडक्रॉस सोसाइटी और एलिमिको ने बहुत



मन लगाकर कार्य किया है। वहीं संजय भाटिया ने रिफाइनरी के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह जिला के सभी शौचालयों के मेंटेनेंस का कार्य भी सीएसआर के तहत करवाने का प्रावधान करवाएं यह भी बहुत जरूरी कार्य है। उपायुक्त सुशील सारवान ने जिला प्रशासन और रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से सभी का धन्यवाद करते हुए आश्वस्त किया। दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण मिलने से उनका जीवन सरल और साधारण होगा। रिफाइनरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक एमएल डेहरिया ने रिफाइनरी उपक्रम की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से लेकर स्वास्थ्य शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में रिफाइनरी की ओर से सीएसआर के तहत सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आईएसआरपीएल के कार्यकारी निदेशक परमानंद गोयल ने कहा कि इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है और समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम में सहयोग दिया जाता रहा है। इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने कहा कि शनिवार को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए 296 दिव्यांग जनों को मोटोराइजड ट्राईसाईकिल व अन्य सहायक यंत्र निशुल्क रूप से प्रदान किए गए हैं। वहीं कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया ने दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# 'एलजी फ्री बिजली बंद करने की रच रहे साजिश'

## फिर कहते हैं लड़ता बहुत है केजरीवाल, केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर बिजली की फाइलों को दबाकर बैठने का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** की अरविंद केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल के बीच हमेशा से ही किसी न किसी मुद्दे पर खींचतान बनी रहती है। इस बार मुद्दा फ्री बिजली का है। इसे लेकर जहां दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार को जल्द स्पष्टीकरण देने को कहा है, वहीं आम आदमी पार्टी का आरोप है कि एलजी इस मुद्दे की फाइल दबाकर बैठे हैं। बिजली मंत्री आतिशी ने जहां शुक्रवार को विधानसभा में बिजली सब्सिडी से जुड़ा मुद्दा उठाया, वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ट्वीट करते हुए उपराज्यपाल पर बिजली की फाइलों को दबाकर बैठने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'फिर कहते हैं केजरीवाल लड़ता बहुत है। दिल्ली की फ्री बिजली को बंद करने के लिए



साजिश रची जा रही है। लेकिन हम इनकी साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे। दिल्ली की जनता के हक के लिए केजरीवाल चट्टान की तरह खड़ा मिलेगा। एलजी साहब, बाद में कृपया ये मत कहिएगा कि मयार्दाएं टूट रही हैं।'

**आतिशी ने विधानसभा में क्या कहा था:** बिजली मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को बिजली के मुद्दे पर विधानसभा में सवाल उठाया। इस दौरान उन्होंने उपराज्यपाल की शह पर मुख्य सचिव और बिजली सचिव पर साजिश के तहत फ्री बिजली पर रोक लगाने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं उन्होंने मुख्य सचिव व बिजली विभाग के उच्चाधिकारी बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए साठगांठ करने का भी दावा किया। उन्होंने कहा कि बिजली सब्सिडी की अहम फाइल 15 दिन के भीतर



कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करनी की थी, लेकिन 14 दिन बीतने के बाद भी फाइल कैबिनेट तक नहीं पहुंची जबकि 14 दिन पहले उपराज्यपाल के कार्यालय से निकली फाइल मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री तक पहुंचने की जगह मुख्य सचिव और बिजली सचिव के कार्यालय में घूम रही है।

**'आखिर क्या छुपाने का किया जा रहा प्रयास':** आतिशी ने सवाल किया कि ऐसा कर आखिर क्या छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। 10 मार्च को मीडिया के माध्यम से उपराज्यपाल के यहां से लोगों को मिलने वाली 200 यूनिट फ्री बिजली से जुड़ी फाइल भेजने के बारे में मालूम हुआ था।

यह फाइल कैबिनेट के सामने प्रस्तुत होनी थी। इस कारण यह फाइल दिल्ली के कैबिनेट व बिजली मंत्री के पास जानी थी,

### विश्वस्तरीय

**= बड़ी मुश्किल से किसी अधिकारी ने उन तक 200 यूनिट बिजली सब्सिडी से जुडी फाइल की फोटो कॉपी भेजी है**

लेकिन उपराज्यपाल ने इस फाइल को न तो मुख्यमंत्री को भेजा और न ही बिजली मंत्री के पास भेजा गया।

वहीं मुख्य सचिव व ऊर्जा सचिव यह फाइल उनके पास अभी तक नहीं भेजने के बारे में नहीं पता रहे है। हालांकि बड़ी मुश्किल से किसी अधिकारी ने उन तक 200 यूनिट बिजली सब्सिडी से जुडी फाइल की फोटो कॉपी भेजी है। उनकी बात सुनने व सदन की मांग के तहत विधानसभा अध्यक्ष ने यह मामला सार्वजनिक सुविधाओं की स्थायी समिति के पास जांच के लिए भेज दिया।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के कथित शराब घोटाला मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 5 अप्रैल की तारीख तय की है। अदालत यहां प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सिसोदिया के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर सुनवाई कर रही थी। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को अदालत में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की खिलाफत करते हुए लंबा उत्तर

### तारीख तय

**= सुनवाई के लिए 5 अप्रैल की तारीख तय करते हुए ईडी के उत्तर की एक कॉपी सिसोदिया के वकील को देने के लिए भी कहा**

फाइल किया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की सुनवाई के लिए 5 अप्रैल की तारीख तय करते हुए ईडी के उत्तर की एक कॉपी सिसोदिया के वकील को देने के लिए भी कहा।

# कामयाबी: संदीप बडवासनिया गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर की हत्या की साजिश रच रहे तीन शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा के सोनीपत के संदीप बडवासनिया गिरोह के सदस्य हैं। इनके कब्जे से दो सिंगल सूट पिस्टल व 14 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी शूटर की पहचान मुंगेशपुर गांव निवासी गौरव राणा उर्फ मिनी (32), कुतुबगढ़ निवासी रोहित उर्फ जैकी (30) और मुंगेशपुर गांव निवासी अंकित चौधरी उर्फ टिंकू उर्फ राधे (32) को गिरफ्तार कर लिया। स्पेशल सेल पुलिस अधिकारियों के अनुसार इंस्पेक्टर अनुज कुमार त्यागी को सूचना मिली थी कि गांव



मुंगेशपुर निवासी गौरव राणा उर्फ मिनी संदीप बडवासनिया गिरोह का शार्प शूटर है। वह पुरानी रंजिश के चलते अपने गांव के ही घोषित बदमाश मुकेश राणा की हत्या के लिए अवैध हथियार लेने के लिए पैसे की व्यवस्था कर रहा है। इस बीच हवलदार दीपक को 22 मार्च को सूचना मिली थी कि गौरव राणा अपने साथियों के साथ द्वारका मोड, द्वारका में छिपा हुआ है। सूचना के बाद एसीपी संजय दत्त की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज कुमार त्यागी, एसआई देव कुमार, एसआई राजेश कुमार, एसआई सुनील कुमार व महिला एसआई प्रीति की टीम गठित की गई। एसआई देव कुमार की टीम ने घेराबंदी कर तीनों शूटर गौरव राणा उर्फ मिनी, रोहित उर्फ जैकी और अंकित चौधरी उर्फ टिंकू उर्फ राधे को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतिबंध के बावजूद भी सिंगल यूज प्लास्टिक हो रहा इस्तेमाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एक जुलाई** 2022 से देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक के 20 उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बावजूद हर जगह इनका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

राजधानी में भी बिना रोक-टोक के सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंधित उत्पाद प्रयोग हो रहे हैं। हालात यह है कि लोगों की शिकायतों में भी सिर्फ 25 प्रतिशत को ही हल किया जा सका है।

सेंटर फार साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की जारी की गई स्टेट आफ इंडियाज एनवायरमेंट रिपोर्ट- 2023 में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सीएसई ने दिल्ली समेत 16 राज्यों में जुलाई से दिसंबर 2022 के बीच एक सर्वे किया था।

इसमें लोगों से पूछा गया कि क्या उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंधित उत्पाद दिख रहे हैं दिल्ली में 12.24 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें यह उत्पाद दिख भी रहे हैं और मिल रहे हैं।

सर्वे में यह भी बात सामने आई कि प्रतिबंधित उत्पादों में कैरी बैग और स्ट्रा सबसे अधिक इस्तेमाल किए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अप्रैल 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेसल मोबाइल एप लांच किया गया था।

# शिक्षा मंत्री ने लोगों को चिल्ड्रेन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शिक्षा** मंत्री आतिशी ने शनिवार को देश भर के चेंजमेकर्स को बाल अधिकारों और विकास के क्षेत्र में डीसीपीसीआर के पहले चिल्ड्रन चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए डीसीपीसीआर इस अनूठे पुरस्कार द्वारा उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है जिन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, संरक्षण के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह में पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए, शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, डीसीपीसीआर चिल्ड्रन्स चैंपियन अवार्ड के पुरस्कार पाने वाले लोग देश भर के उन असाधारण लोगों में से हैं, जिन्होंने संघर्ष किया और व्यवस्था में कई



चुनौतियों का सामना किया, लेकिन वे बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए दृढ़ संकल्पित थे। यह पुरस्कार देश के बच्चों की बेहतरी के लिए किए उनके प्रयासों और योगदान की पहचान है। यह पुरस्कार उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करने के लिए और प्रेरित करेगा। अवॉर्ड्स की श्रृंखला में 'चिल्ड्रन' श्रेणी को सबसे प्रेरणादायक श्रेणियों में से एक बताते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, "इतनी कम उम्र में बच्चों को अपने समुदायों में अपने समकक्षों को बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए प्रयास करते देखना बहुत प्रेरणादायक है। चाहे वह भोपाल की एक युवा लड़की अपनी झुग्गी में बच्चों के लिए पुस्तकालय चला रही हो या यूपी के बच्चे बच्चों के मुद्दों पर अपना अखबार निकाल रहे हों।

# आतिशी ने किया चिराग दिल्ली फ्लाईओवर का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अरविन्द केजरीवाल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने हफ़्तेभर बाद एक बार दोबारा शनिवार सुबह चिराग दिल्ली फ्लाईओवर का पीडब्ल्यूडी व दिल्ली पुलिस के अधिकारीयों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि बारिश के कारण मेंटेनेंस का काम टाइमलाइन से 2 दिन पीछे चल रहा है। इसपर पीडब्ल्यूडी मंत्री का अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 अप्रैल तक फ़्लाइओवर का पहला हिस्सा हर हालत में यातायात के लिए शुरू हो जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि फ़्लाइओवर के दूसरे हिस्से के मेंटेनेंस के दौरान श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि काम समय से पूरा हो और लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि, चिराग



दिल्ली फ्लाईओवर के मेन्टेनेंस के कार्य पर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी स्वयं नजर बनाए हुए है और इसकी मोनिटरिंग कर रहे है दिल्ली के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा पीडब्ल्यूडी तेजी से काम कर रही है ताकि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के मेन्टेनेंस का काम समय के साथ पूरा हो सके और लोगों को ट्रैफिक से निजात मिल सके। पीडब्ल्यूडी व दिल्ली पुलिस के अधिकारीयों के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात को सुगम बनाने के लिए बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट का एक्शन प्लान बनाया जाए ताकि दूसरे हिस्से के मेन्टेनेंस के दौरान ट्रैफिक न लगे इसके लिए जल्द ही ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ़्लाइओवर के दूसरे हिस्से के

### टाइमलाइन

**= निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि बारिश के कारण मेंटेनेंस का काम टाइमलाइन से 2 दिन पीछे चल रहा है**

मेंटेनेंस के दौरान श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि काम समय से पूरा हो और लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। बता दे कि फ्लाईओवर के पहले हिस्से का काम 31 मार्च तक पूरा हो जायेगा और इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जायेगो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी सुझाव पर फ्लाईओवर के दूसरे हिस्से के मेन्टेनेंस के दौरान 2 लेन में से एक लेन को ट्रैफिक के लिए खुला रखा जायेगा ताकि काम के साथ-साथ एक लेन में ट्रैफिक भी चलता रहे और लोगों को असुविधा न हो।

# हफ्तेभर का बचा दिल्ली के मेयर का कार्यकाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मेयर** शैली ओबरॉय का कार्यकाल केवल हफ्तेभर का बचा है। वहीं, स्थायी समिति का चुनाव न होने से निगम से जुड़े आर्थिक व नीतिगत फैसले नहीं लिए जा सके। स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव का मामला अदालत में चल रहा है। इस पर अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। अदालत ने सुनवाई से पहले उपराज्यपाल, मेयर और एमसीडी को अपना पक्ष रखने को कहा है। निगम का नया सत्र एक अप्रैल से शुरू होता है, जबकि मेयर का कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो रहा है। डीएमसी एक्ट के मुताबिक, अगले मेयर का चुनाव होने तक वही कुर्सी पर मौजूद रहेंगी। ऐसी परिस्थिति में मेयर के



पास निगम से जुड़े आर्थिक व नीतिगत फैसले लेने का अधिकार तो होगा, लेकिन स्थायी समिति न होने की स्थिति में मेयर नीतिगत फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं। अब तो हफ्ते भर बाद जब भी निगम सदन की पहली बैठक होगी, उसमें नए मेयर का चुनाव होगा। इसके बाद स्थायी समिति के चुनाव की प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी।

सदन की पहली बैठक में स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव होता है और फिर निगम के 12 जोन से एक-एक सदस्य चुनकर आता है। इसके बाद स्थायी समिति के 18 सदस्य मिलकर समिति के चेयरमैन का चुनाव करते हैं।

# जेल से चल रही महाठग सुकेश चंद्रशेखर की इश्कबाजी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मनी** लॉन्ड्रिंग के एक मामले में मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को एक पत्र लिखा है। सुकेश ने शनिवार को अपने जन्मदिन के मौके पर जैकलीन को पत्र लिखा है। सुकेश ने माई बेबी जैकलीन के रूप में अभिनेत्री को संबोधित करते हुए कहा कि वह उसे याद कर रहा है। सुकेश ने लिखा, "मेरे जन्मदिन के दिन, मैं आपको याद करता हूं। मुझे आपकी कमी महसूस होती है, मेरे पास शब्द नहीं हैं, लेकिन मैं जानता हूं कि मेरे लिए आपका प्यार कभी खत्म नहीं होगा।"

# एम्स में मरीजों के लिए धानुका समूह बनवा रहा है प्रतीक्षालय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**धानुका** समूह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में मरीजों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बनवाने जा रहा है। यह कार्य धानुका समूह अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कर रहा है। इस प्रतीक्षालय का शनिवार को भूमिपूजन किया। चार महीने में इसका निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रतीक्षालय के भूमि पूजन का कार्य आज एम्स के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के चेयरमैन न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल और धानुका समूह के चेयरमैन आर.जी. अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान एम्स के निदेशक डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह आम जन-मानस के लिए सुविधाएं लाने के लिए एक कॉर्पोरेट द्वारा सार्वजनिक संस्थान की मदद करने का एक आदर्श उदाहरण है। एम्स अपने उत्कृष्ट चिकित्सा उपचार और स्वास्थ्य देखभाल के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। यह सुविधा (प्रतीक्षालय) प्रतीक्षारत मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों व शुभचिंतकों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। हम इस पहल के लिए धानुका ग्रुप को धन्यवाद देते हैं। समारोह में बोलते हुए धानुका समूह के अध्यक्ष आर.जी. अग्रवाल ने कहा, एम्स के साथ साझेदारी करना हमारे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। हम उन लाखों रोगियों के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण कर रहे हैं, जो यहां उस भरोसे के साथ आते हैं जोकि इस संस्थान के प्रति भारतीयों और दुनिया भर के लोगों के बीच रहता है।



# हर जिले में होना चाहिए वात्सल्य ग्राम जैसा सेवा प्रकल्पः बंसल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वात्सल्य** ग्राम साध्वी ऋतंभरा द्वारा परिकल्पित एक अनूठा ग्राम है जहां हर माता यशोदा की भांति अपनी संतानों पर स्नेह वर्षा करते नहीं थकती और हर संतान अपनी यशोदा मैया को अपने हृदय में बसाए रहती हैं। ऐसा पुनीत स्नेह, ऐसी कोमल ममता और ऐसे दृढ़ संस्कार बच्चों को वात्सल्य ग्राम में प्राप्त होते हैं कि उनको जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। वात्सल्य ग्राम में जहां एक ममतामयी मौसी एक स्नेहशील नानी, एक पूर्ण रूप से समर्पित मां के साथ मिलकर प्यारे-प्यारे कोमल पुष्पों को न केवल पाल पोस कर बड़ा करती है बल्कि उन्हें समाज का, देश का एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। वात्सल्य ग्राम में जाकर वहां के स्नेह और ममता की डोर से बंधे परिवारों से मिलकर जो सुखद अनुभूति होती है।





इस कारण वहां बार-बार जाने की इच्छा मन में होती है। वात्सल्य ग्राम जैसा सेवा प्रकल्प पूरे देश के हर जिले में होना चाहिए। उक्त बातें प्रमुख समाजसेवी व मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन नरेला के चेयरमैन हेमराज बंसल ने अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में साध्वी ऋतंभरा द्वारा संचालित वात्सल्य ग्राम की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के मौके पर कही। इस दौरान बंसल निवास पर पहुंची साध्वी ऋतंभरा का बंसल परिवार द्वारा पुष्प वर्षा, दीप आरती कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर साध्वी ऋतंभरा ने बंसल परिवार के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बंसल परिवार संस्कारी संयुक्त परिवार है।

संयुक्त परिवार में बुजुर्गों का सानिध्य छोटो में संस्कारों के बीज बोता है और अनुशासन लाता है। कार्यक्रम में बंसल परिवार द्वारा भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई ।

कार्यक्रम में हेमराज बंसल, राजेश बंसल, राकेश बंसल, मनोज बंसल, पियूष बंसल, तरुण बंसल, चिराग बंसल, पूर्व विधायक जय भगवान अग्रवाल, पूर्व निगम पार्षद केसरानी नीलदमन खत्री, दीपक खत्री, एंनडी अरोड़ा, अनिल ठेकेदार, रिचा, शुभी बंसल, वेदाशी, दक्ष, युवान मौजूद रहे।



शालीमार बाग में मां भगवती की पूजा करते हुए समाजसेवी सत्यपाल शर्मा व अन्य।

# नरेला मंडी में शहीदी दिवस पर जनसभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शहीदे** आजम भगत सिंह चेतना मंच तथा नागरिक अधिकार आंदोलन के बैनर तले नरेला क्षेत्र में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 92वें बलिदान दिवस पर नरेला मंडी में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। इसका कुशल संचालन मंच के सहसचिव कॉमरेड सुरेंद्र पंचाल तथा अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कलमकार राजव्रत ने की। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई छोटे बच्चों द्वारा शहीदों के सम्मान में कविता पाठ तथा लघु नाटिका जिसमें भगत सिंह का अंग्रेजी अफसरों के साथ फांसी देने से पूर्व साक्षात्कार की प्रस्तुति की गई। जिसकी सभी ने करतल ध्वनि से सराहना की। शिक्षाविद एवं कवि नरेश तंवर ने आजादी के आंदोलन में भगत सिंह एवं अन्य नेताओं की भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए अपनी बात रखी। इसके अलावा कामरेड पवन पंचाल ,एडवोकेट धर्मपाल सिंह, कामरेड अनिल कुमार सिंह, डॉ राजेंद्र कुमार सतवीर श्रमिक, एडवोकेट सरणजीत आदि ने भगत सिंह के विचारों के उलट सत्ताधारी जन विरोधी व्यवस्था का वर्णन करते हुए उसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की ।





भगतसिंह तेरे अरमानो पर खाट बिछाए बैठे है, आज माननीय बने हुए वो कर्जा खाए बैठे है।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए कलमकार राजव्रत ने इस मीटिंग के समापन की घोषणा की। सभा का संचालन यूनियन नेता कामरेड डीएन सिंह ने किया तथा अध्यक्षीय मंडल में वरिष्ठ पत्रकार राजव्रत, शिक्षाविद शिवकुमार शर्मा एडवोकेट धर्मपाल सुरेंद्र पंचाल, शिक्षाविद शिव कुमार शर्मा, कामरेड अनिल कुमार सिंह तथा शिक्षक नेता प्रोफेसर सिद्धेश्वर शुक्ला मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरीः ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट ने किया नेता सदन मुकेश गोयल का स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा बड़ा ही अच्छा कार्य किया जा रहा है। जहां एक और ट्रस्ट गरीब व निर्धन तबके की सहायता के लिए आगे रहती है, वही ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाये जाते है। शनिवार को दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित कार्यालय में ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने निगम पार्षद व नेता सदन मुकेश गोयल का स्वागत किया। इस मौके पर मुकेश गोयल ने ट्रस्ट के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे द्वारा जो भी ट्रस्ट को मदद हो सकेगी। मैं करूंगा और सरकार से भी मदद कराऊंगा। मुकेश गोयल ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदो की सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन भारत सिंह राघव, संरक्षक विनोद कुमार, घनश्याम सिंह, विजय चौहान, रामवीर उपाध्याय, श्यामसुंदर बिंद, राम शर्मा, नानजीभाई गुजराती, विजेंद्र राणा, राकेश, प्रमोद, रवि कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला जोन में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम नरेला जोन द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए जोन कार्यालय में अंतरविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन जोन उपायुक्त वीर सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं जनता को जागरूक करने हेतु विभिन्न विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक में कई विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपायुक्त वीर सिंह यादव ने कहा कि बीमारियों के बारे में सही जानकारी काफी कारगर होती है। जिसका फायदा पूरे समाज को मिलता है। मच्छर जनित रोगों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं जनता में जागरूकता के लिए सभी विभागों का आपसी सहयोग जरूरी है।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से इस मुहिम में अपना सहयोग देने की अपील की। और बैठक में मौजूद सभी अस्पतालों के नोडल अधिकारियों को डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया रोगों की रोकथाम के लिए उपचार एवं निदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य अतिथि स्थानीय निगम पार्षदा स्वेता खत्री ने कहा कि डेंगू और चिकनगुनिया मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छरों से बचाव ही इन बीमारियों से निपटने का एकमात्र उपाय है। बैठक में दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ, डीएसआईआईडीसी, डीटीसी, आईटीआई, एनडीपीएल, बालग्रह, कस्तूरी राम कॉलेज एवं ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# भलस्वा गांव के नगर निगम प्रतिभा विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के भलस्वा गांव स्थित नगर निगम प्रतिभा विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने शिरकत की। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ समाजसेवी राजपाल यादव, सतीश कुमार भी मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया।

इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी और जो बच्चे फर्स्ट डिवीजन पर आए थे उनको सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित भी किया गया। निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चो को उच्च शिक्षा





## निगम पार्षद ने कहा...

= पार्षद अजीत यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी और जो बच्चे फर्स्ट डिवीजन पर आए थे उनको सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित भी किया।

= निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चो को उच्च शिक्षा अवश्य की दिलवाये।

अवश्य की दिलवाये। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिल कुमारी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। शिक्षकों ने अभिभावको से बात की और कहा कि बच्चे को समय से स्कूल जरूर भेजे।

# कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से जुड़ रहे हैं लोग: विजय प्रताप

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

एसजीएम नगर स्थित स्नेह विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन भी किया गया, जिसमें आंख, स्वास्थ्य जांच, हृदय रोग, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, मष्तिष्क रोग आदि जांच की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेसी नेता एवं बडखल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि हेल्थ चैकअप कैंपों की आवश्यता है, ताकि वो लोग जो बड़े अस्पतालों में जाकर अपनी जांच नहीं करा सकते, अपनी जांच



करा सकें। अगर नजदीक में कैंप लगते हैं तो लोग निश्चित रूप से ऐसे कैंपों का फायदा उठाते हैं। इस मौके पर विजय प्रताप ने राहुल गांधी के मुद्दे पर कहा की यह इस तरह का पहला मामला है, जिसमें सजा सुनाई गई है। ये कहीं न कहीं लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हैं। भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने स्वयं कहा था कि विपक्ष को विरोधी मानना कहीं ना कहीं लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। मगर, शायद उनकी बातों को मोदी जी नही मानते और जो भी उनके विपक्ष में होता है, उसको खतम कर दिया जाता है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता को लेकर जिला संयोजक ने कहा कि लोग बड़ी संख्या में इस अभियान से जुड़ रहे हैं। हम स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। आज पूरे शहर में भ्रष्टाचार चरम पर है, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से लोग आहत है। उन्होंने कहा कि एक हल्की सी बारिश में शहर जगह-जगह में जलभराव हो जाता है और लोगों के घरों तक में सीवर का पानी भर जाता है। बडखल झील को सीवर के पानी से भरने की कोशिश की जा रही है, मगर शहर में जगह जगह सीवर का पानी बह रहा है। नगर निगम चुनावों को लेकर उन्होंने सरकार पर तंज भी कसा कि ऐसा आपने कहीं सुना है कि सवा साल हो चुके हैं, मगर सरकार चुनाव कराने से डर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों एवं कमियों को छिपाने के चक्कर में चुनाव से बच रही है। चुनावों को टालेगी। इसमें मुख्य अतिथि विजय प्रताप के साथ स्कूल चेयरमैन मास्टर वीरेंद्र, ओमप्रकाश गौड़, राजेश बैंसला, विनोद कौशिक, महेश अग्रवाल, विरेंद्र मावी, ईशान कथूरिया, सोहेल सैफी, नरेश रावत डायरेक्टर ऑस्कर मेडिकेयर ,राकेश रावत, विनोद रावत, ललित मनराल, गजेंद्र रावत, सीएम कोठियाल, कुलबीर राणावत,जसबीर पंवार, राजवेंद्र कंडारी, प्रेम बिष्ट, प्रमोद बिष्ट, दीपचंद, सुनील चौहान,ज्वाला आदि मौजूद रहे।

# चोरी के वाहन खरीदने वाले 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में संलिप्त आरोपियो कि धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने चोरी के वाहन खरीदने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में रहीस और रोहित का नाम शामिल है। आरोपी रोहित दिल्ली के निर्मल विहार का तथा आरोपी रहीस नहूं जिले के पुन्हाना के गांव गांव जैमत का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से आरोपी




रहीस को समयपुर चुंगी से तथा आरोपी रोहित को पवन अस्पताल से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रहीस मोटरसाइकिल को राजस्थान के कामा किसी व्यक्ति से 7000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी रोहित चोरी की मोटरसाइकिल को नहूं किसी व्यक्ति से 8000/-रु में खरीद कर लाया था। दोनों आरोपी दिल्ली में चोरी की वारदातों को अनजाम देते है। कई बार जेल जा चुके है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यशाला के लिए केंद्र प्रमुखों को झंडी दिखा किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा हिसार में आयोजित शक्ति केंद्र कार्यशाला में नारनौल विधानसभा के शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी एवं पालकों को प्रशिक्षण के लिए शनिवार सुबह रवाना किया गया। सभी केंद्र प्रमुखों की बस को सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्यमंत्री व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सभी शक्ति केंद्र प्रमुख को पार्टी मजबूत बनाने के लिए बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण पार्टी द्वारा आने वाले चुनावों को लेकर आयोजित किए जा रहे जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बहुत कुछ सिखाया व बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां से आप सभी केंद्र प्रमुख प्रशिक्षण शिविर में जा रहे हैं ये एक बहुत अच्छी बात है और इससे जिला महेंद्रगढ़ में पार्टी को बहुत बड़ा फायदा होगा। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार व संगठन मिलकर मिलकर बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिससे आने वाले चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ से 164 शक्ति केंद्र प्रमुख 15 मंडल अध्यक्ष 15 पालक और 15 प्रभारियों की टीम शक्ति केंद्र की कार्यशाला में शिरकत करने के लिए यहां से गए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर आने वाले 2024 के चुनावों की तैयारियों के लिए आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में पार्टी की नितियों सहित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे मे विस्तार से बताए जाएगा जिसे शक्ति केंद्र प्रमुख आमजन तक इन नितियों और विकास कार्यों को बता सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 365 दिन चलने वाली पार्टी है और हमेश संगठन को मजबूत करने का कार्य करती है।

### आम आदमी पार्टी के नये सदस्यों का आंकड़ा साढ़े तीन लाख के पार पहुंचा

**चंडीगढ़** । आम आदमी पार्टी के मेगा सदस्यता अभियान को पूरे प्रदेश की जनता हाथों हाथ ले रही है। प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को बताया कि 11 मार्च को शुरू हुए अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। 10 लाख नए सदस्य जोड़ने के अभियान में तीन सप्ताह के समय में ही नए जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या साढ़े तीन लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि 76500-88000 पर मिस कॉल कर कोई भी आम आदमी पार्टी का सदस्य बन सकता है। इस सदस्यता अभियान के दौरान अभी तक हिसार लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा नये सदस्य आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। इसके बाद भिवानी, रोहतक, सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी से लोगों के लगातार जुड़ने का सिलसिला जारी है। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान हर रोज टॉप 10 कार्यकताओं का नाम भी घोषित किया जाता है ताकि अन्य कार्यकताओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सकें। प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से अभी तक 48,381 हजार नये सदस्य जुड़े हैं। वहीं भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से 47616, रोहतक लोकसभा क्षेत्र से 44913 हजार, सिरसा लोकसभा क्षेत्र से 43,077, अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 42249 हजार, करनाल लोकसभा क्षेत्र से 35916 हजार, कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 31146 हजार, सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से 28059, फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से 21783 हजार और गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से 13221 हजार ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली है। कुल नए सदस्यों की संख्या 3,56,225 हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी की जन विरोधी नीतियों से परेशान है। खट्टर सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है, बुजुर्गों की पेंशन कटने से वे दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। जन जन में आक्रोश है। प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता को फ्री देने वाली मूलभूत सुविधाओं से प्रभावित हो कर आम आम आदमी पार्टी से जुड़ रही है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे प्रदेश से मिल रहे जनसमर्थन से साबित हो गया है कि आम आदमी पार्टी समय से पहले 10 लाख सदस्यों का लक्ष्य प्राप्त कर लेगी।उन्होंने कहा कि इस उत्साह से ये स्पष्ट हो गया है कि 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। आम आदमी पार्टी ही बीजेपी को हराने का काम करेगी।

# टोल प्लाजा फ्री करने की मांग को लेकर किसान नेता करीब 2 घंटे धरने पर बैठे

**गन्नौर**। भिगान टोल प्लाजा पर शनिवार को किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के नेतृत्व में काफी संख्या में दोपहर के समय किसान टोल पर पहुंचे और पानीपत से दिल्ली रोड पर प्लाजा की लेन नंबर 3 पर बैठ गए। किसानों ने मांग उठाई की, किसान नेताओं का टोल टैक्स माफ होना चाहिए। टोल मैनेजर दीदार सिंह ने किसानों को भरोसा दिलाया कि टोल से गुजरने वाले किसान नेताओं से टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने टोल खाली कर दिया।

# चौथे नवरात्रे पर भक्तों ने की मां कूष्मांडा की भव्य पूजा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के पर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन भव्य स्तर पर पूजा अर्चना एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु अपनी अपनी आहुति डालते हैं। नवरात्रों के चौथे दिन मंदिर में माता कूष्मांडा की भव्य पूजा की गई, जिसमें फरीदाबाद के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद ग्रहण किया। विधायक श्री गुप्ता ने वैष्णोदेवी मंदिर में माता कूष्मांडा की पूजा की तथा हवन में अपनी आहुति भेंट की। इस



अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्वागत किया तथा उन्हें माता रानी की चुनरी एवं प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर मंदिर में जाने माने उद्योगपति केसी लखानी, गुलशन भाटिया, आर के बत्तरा,नीरज अरोड़ा, डा. गोयल, कांशीराम एवं राज मदान भी उपस्थित थे। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने कहा कि नवरात्रों के इस पुण्य आयोजन पर प्रतिदिन भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाता है तथा श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट चौबीस घंटे खुले रहते हैं। इस मौके पर उन्होंने भक्तों को माता कूष्मांडा की महिमा का बखान करते हुए कहा कि देवी मां सूर्य के अंदर रहने की शक्ति और क्षमता रखती हैं, उनके शरीर की चमक सूर्य के समान चमकदार है। मां के इस रूप को अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता है। मां कूष्मांडा की सवारी शेर है तथा उनके अष्टभूजाओं में कमंडल, धनुष-बाण और कमल है, इसी प्रकार से उनके बाएं हाथों में जप माला, अमृत कलश, गदा और चक्र है। मां कूष्मांडा सूर्य ग्रह की प्रदाता है और अपने भक्तों को ऊर्जा प्रदान करती हैं। मां को पीला रंग अति प्रिय है और उन्हें मालपुए का भोग लगाया जाता है। श्री भाटिया ने सभी भक्तों को नवरात्रों की बधाई भी दी।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्राभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम चांद खान है। आरोपी फरीदाबाद की फ्रैंड्स कॉलोनी एसजीएम नगर का रहने वाला है। आरोपी को



क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से फ्रैंड्स कॉलोनी एसजीएम नगर के एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चोरी किया हुआ ऑटो थाना ओल्ड के एरिया से चोरी किया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने ऑटो बेचने के लिए चोरी किया था। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी पर पूर्व में 3 मामले दर्ज है जिसमें 2 चोरी के व 1 शराब का है। आरोपी ने ऑटो की बैटरी निकाल कर 1000/-रु में किसी अनजान व्यक्ति को बेच दी थी। आरोपी ने 1000/-रु अपने खर्च में उठा दिए है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

# बस-कंटेनर की टक्कर में 45 घायल,चालक की मौत

**पलवलः** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बघौला गांव के पास शनिवार को राजस्थान रोड़वेज की लोहागढ़ डिपो बस और कंटेनर की टक्कर बस में सवार करीब 45 यात्री घायल हो गए व बस चालक की मौत हो गई। अधिकांश घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गंभीर घायलों को उच्च अस्पतालों में रेफर किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक भेड़ों का झुंड आने से यह हादसा हुआ है। मरीजों का उपचार करने वाले डॉक्टर मेघेन्द्र शर्मा ने बताया कि जो भी घायल उनके पास उपचार के लिए पहुंचे, उनमें से अधिकांश को सिर, मुंह, माथे,आंख के पास चोटें थीं, होंठ भी कटे हुए थे।

# शहीद सम्मान समारोह की सफलता से डॉ. नीना राठी का बढ़ा कद



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

पिछले 3 दशक से सक्रिय राजनीति में रहकर बेटियों, महिलाओं व आमजन की आवाज सशक्त करने वाली भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। वह पार्टी के लिए दिन-रात एक करते हुए संगठन व पार्टी को मजबूत आधार देने का काम कर रही हैं। महिलाओं के सम्मान की बात हों या फिर अन्य क्षेत्र में उनकी बढ़चढ़ भागीदारी की हों इसको लेकर भी वह हर प्लेटफार्म पर अपनी बात बेबाकी से रखते हुए आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने के लिए हर परिस्थितियों से संघर्ष कर प्रयासरत रहती हैं। उनका एक ही मकसद है कि राजनीति में भी महिलाएं बढ़चढ़ कर आगे आयें और मातृशक्ति के लिए निरंतर आवाज उठाते हुए उन्हें उनका पूरा हक दिलाया जाये। कोई सभा हो या जनसभा या फिर सेमीनार या सामाजिक व अन्य कोई कार्यक्रम हों उसमें डा. नीना सतपाल राठी पूरी सक्रियता, उत्साह व जोश के साथ आगे बढ़ते हुए भाग लेती हैं। साथ में अन्य महिलाओं को भी अपने साथ लेकर उनको सम्मान, हक दिलाने के लिए प्रयासरत रहती हैं। भाजपा में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस का कार्यक्रम हो, चाहे स्वतंत्रता सैनानी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करवाने की बात हों या फिर किसी राजनैतिक जनसभा में रिकार्ड भीड़ जुटा कर उसे सफल बनाने की बात हों। कोविड के दौरान आईसोलेट लोगों तक पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने की वैदिक रसोई चलाने की बात हो या अस्पताल, नर्सिंग होम या फिर सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र हो या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती हुए मरीजों तक खाना व दवाईयां तक उपलब्ध करवाने की बात हों। या फिर कोविड के दौरान वैक्सीनेशन कैम्प लगवाने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों से संवाद करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत आधार देने का कार्य हो, इन सभी में उन्होंने पूरी कृतव्यनिष्ठा से कार्य किया। यही नहीं निकाय चुनाव में भी उन्होंने लोगों के बीच रहकर पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराते हुए पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अपना पूर्ण सहयोग किया।

# 'नौजवानों में आप की सदस्यता के लिए बढ़ा उत्साह'

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

आम आदमी पार्टी के नेता धर्मबीर भड़ाना द्वारा शुरू किया गया सदस्यता अभियान निरंतर जोर पकड़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज एनआईटी क्षेत्र के गांव पाली के रहने वाले अनिल बैसला, गजेंद्र भडाणा, सचिन, संजय बढ़ाना, जगरेस, नवीन, धर्म सिंह प्रकाश, नरेश, विनोद, कर्मवीर, राजवीर, वेद प्रकाश पंडित जी, महावीर, रज्जू, कुलदीप, अतर सिंह, संजय, ओमप्रकाश, सुनील, सत्य, मनोज भडाणा, विक्रम भडाणा एवं होशियार बढ़ाना आदि अनेकों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर



उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जो लोगों को राहत प्रदान की है, वह पूरे देश में अपने आप में एक मॉडल साबित हो रहा है, उनकी इस नीतियों से लोगों में आम आदमी पार्टी से जुडने.के लिए खासा उत्साह नजर आ रहा है। आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है और वो जानते हैं कि लोगों का कोई पार्टी भला कर सकती है, तो वह केवल आप पार्टी है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई और इसी डर के कारण नगर निगम चुनावो से भाग रही हैं क्योकि इस बार जनता ने नेक नियत वाली आम आदमी पार्टी को चुनने का फैंसला कर लिया हैं। उन्होने कहा कि नगर निगम चुनावों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पूरे हरियाणा में तैयारी कर रही है और कार्यकताओं को पार्टी से जोडने. का प्रयास किया जा रहा है। हम चाहते हैं 2023 तक पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ खड़ी हो जाए और अधिक लोग पार्टी से जुड़ें ताकि 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी अधिक से अधिक सीटें जीतें और हरियाणा में बहुमत से सरकार बना सके।

# पूर्व पूर्व टेस्ट क्रिकेटर क्रिकेट चैलेंज के ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज कप के 16वां संस्करण का समापन जेसीबी की शानदार जीत के साथ हुआ। ग्रैंड फिनाले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर श्री मदन लाल और सम्माननीय अतिथि के रूप में श्री विक्रांत गुप्ता, सीनियर कार्यकारी संपादक खेल (आज तक) और प्रबंध संपादक (खेल तक) उपस्थित थे। डॉ. प्रशांत भल्ला - अध्यक्ष, एमआरईआई; डॉ. अमित भल्ला, उपाध्यक्ष, एमआरईआई; डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई; डॉ. संजय श्रीवास्तव - एमडी,



एमआरईआई; श्री सरकार तलवार - निदेशक, खेल, एमआरईआई और मानव रचना के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति फाइनल मैच के दौरान उपस्थित थे। हीरो मोटोकॉर्प ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। जेसीबी ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाए। हीरो मोटोकॉर्प टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। जेसीबी ने यह मैच जीता, जेसीबी के श्री वरुण शर्मा ने मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता, आजतक टीम के श्री काशिफ को टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में सम्मानित किया गया, टीम एमआरआईआई से श्री करण सोबती टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने और हीरो मोटोकॉर्प के श्री राहुल दहिया को टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक घोषित किया गया। श्री मदन लाल ने मानव रचना क्रिकेट चैलेंज कप के बारे में अपने उत्साह को साझा किया और इस रोमांचक मैच के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, इस तरह के टूनामेंट कॉर्पोरेट लोगों को खुद को खोलने और एक-दूसरे से और क्रिकेट के मैदान से नए कौशल सीखने में मदद करते हैं। श्री विक्रांत गुप्ता ने क्रिकेट के सार को साझा किया और टूनामेंट के ग्रैंड फिनाले में गेस्ट ऑफ ऑनर होने पर प्रसन्नता व्यक्त की जिसमें उन्होंने स्वयं भाग लिया (आजतक टीम)।

हमारे संस्थापक विजनरी, डॉ ओपी भल्ला का उद्देश्य खेल भावना को जीवित रखने का था और कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज उनका ऐसा करने का तरीका था जो पिछले 16 वर्षों से जारी है! हमें गर्व है कि उनका यह विजन हम पूरे उत्साह से पूरा कर रहे हैं, डॉ. प्रशांत भल्ला ने साझा किया। डॉ. अमित भल्ला ने कहा, "आज मानव रचना के क्रिकेट ग्राउंड में बेहतरीन शॉट्स देखने को मिले।

# भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की फरीदाबाद शाखा ने किया कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के उत्तरी क्षेत्र की फरीदाबाद शाखा ने गत 24 मार्च 2023 को कार्यशाला का आयोजन सेक्टर 16, के कार्यालय में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष सी एस कपिल डुडेजा ने की। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उतर भारतीय क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष सीएस देवेंदर सुहाग उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्या वक्ता एस्कॉर्ट्स कुबोटा ग्रुप के उप कंपनी सचिव सी एस अरविन्द कुमार रहे। कार्यक्रम को सम्भोधित करते हुए श्री कुमार ने भारतीय प्रतिभूति और



विनिमय बोर्ड (सेबी) के इनसाइडर ट्रेडिंग (भेदिया व्यापार) के विभिन्न प्रावधानों के बारे विस्तार से बताया। श्री सुहाग ने उतर भारतीय क्षेत्रीय परिषद् के विभिन्न गतिविधियों की परिचर्चा वहा उपस्तिथ सभी सदस्यों एवं अन्य मेहमानो के साथ की। सीएस कपिल डुडेजा, अध्यक्ष भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, फरीदाबाद शाखा ने आये सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद प्रस्ताव वाईस चेयरमैन सी एस विक्रम ग्रोवर द्वारा किया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 26 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 47वां हफ़्ता

## आदर्श रसोई की टीम ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'





### "राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'




**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय क्लाईंट डे'। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी।








**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 47 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।

### आदर्श रसोई ने स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने अपना 47वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### आदर्श रसोई की टीम ने किया विधिवत रूप से आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता आदर्श रसोई की पूरी टीम रही। आदर्श रसोई की सभी पदाधिकारियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई पिछले 47 हफ्तों से नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है। जो पिछले 47 हफ्तों से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष भव्य व रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। मोहन गर्ग ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, यारों के यार राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### राकेश भारद्वाज जी के विचार हम सबके लिए अनुकरणीयः रामलाल उनियाल

आदर्श रसोई के वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल ने सभी पदाधिकारियों को सम्मान करते हुए कहा कि बहुत सारे सामाजिक कार्यों में शामिल हुआ हूं लेकिन समाजसेवा के क्षेत्र में आदर्श रसोई जो कार्य कर रही है उसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती। पिछले 47 हफ्तों से निरंतर रूप से निःस्वार्थ भाव से आदर्श रसोई का आयोजन करना अपने आप में इस आयोजन को खास बनाता है। मैं पूरी टीम को दिल की गहराईयों से बधाई देता हूं।

### आदर्श रसोई के मध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई की नींव मैंने और हर दिल अजीज, मेरे सुख-दुख के साथी राकेश भारद्वाज जी ने रखीं थी। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हुए जरूरतमंदों तक पहुंचना। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए पिछले 47 हफ्तों से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा, इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को आगे लेकर जाना है।

### सप्ताह दर सप्ताह आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन करा रही आदर्श रसोईः रवि भारद्वाज

आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज ने कहा कि पिछले 47 हफ्तों से आदर्श रसोई की टीम ने पूरी मेहनत व निस्वार्थ रूप से मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया।



ये आदर्श रसोई का 47वां रविवारीय आयोजन था। आदर्श रसोई का हर एक पदाधिकारी इस नेक कार्य में अपना योगदान देता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं। **– मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। टीम कार्यक्रम में योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और बधाई। यहीं कारण है कि आज आदर्श रसोई समाजसेवा में नए कीर्तिमान छू रहा है। **– रामलाल उनियाल, वाईस चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **–सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **– रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई पिछले 46 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**



आदर्श रसोई पिछले 47 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई की पूरी टीम दिन रात रविवारिय कार्यक्रम को विशेष बनाने लिए प्रयत्नशील रहती है। हर कोई अपनी तरफ से कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपना सुझाव देता है। आदर्श रसोई के हर एक पदाधिकारी का दिल की गरहाईयों से अभिनंदन। **–विनोद गर्ग, महासचिव**




















